वर्ष : 33 • अंक : 272 • पृष्ठ : 8 • मुंबई, बुधवार, 18 दिसंबर 2024 • RNI: MAHHIN/49994/91 • मूल्य 3 रुपए • epaper.dobajedopahar.com • संपादक : अरुण लाल




# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




पेज -7 पुछल्ले बल्लेबाजों ने बचाया फॉलोआन

पेज -8 ED के एक्शन से भर गया बैंकों का खजाना

## न्यूज़ ब्रीफ

### कोर्ट ने बीमार कैदियों पर जताई चिंता

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य के विभिन्न जेलों में बंद गंभीर रूप से बीमार कैदियों पर चिंता जताई है। अदालत ने राज्य सरकार को एडवाइजरी के कार्यान्वयन के संबंध में एक विस्तृत हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने प्रणालीगत देरी को दूर करने और ऐसे कैदियों के लिए मानवीय उपचार सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### विधानसभा कार्यवाही में नहीं पहुंचे अजित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक ओर मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने के चलते महायुति के तीनों दलों के नेता नाराज बताए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर खुद उपमुख्यमंत्री अजित पवार बीते दो दिनों से नॉट रीचेबल हैं। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हुआ था जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तो विधानसभा में नजर आए लेकिन अजित पवार दोनों ही दिन गायब रहे। यहां तक कि अजित की पार्टी के नेताओं को भी जानकारी नहीं है कि अजित पवार कहां हैं? ऐसे में फडणवीस सरकार के सामने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विधायकों की नाराजगी के साथ-साथ अब अजित पवार के नॉट रीचेबल की कहानी ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है।

### उद्धव ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (उद्धव) पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से नागपुर विधान भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उद्धव ठाकरे के साथ उनके विधायक बेटे आदित्य ठाकरे, विधायक अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। दरअसल ठाकरे विधानमंडल के शीतकालीन क्षेत्र में शामिल होने के लिए नागपुर पहुंचे थे। ठाकरे और फडणवीस की मुलाकात करीब 10 मिनट तक चली, जिसमें राज्य की परियोजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद उद्धव ने पार्टी के विधायकों के साथ भी बैठक की। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद पर शिवसेना (उद्धव) बुधवार को दावा ठोकेगी। हालांकि दोनों की मुलाकात ने कई चर्चाओं को जोर दे दिया है।

### 25 जनवरी से अनशन करेंगे जरांगे

**डीबीडी संवाददाता | जालना**

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने एक बार फिर से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने का ऐलान कर दिया है। एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि मंगलवार को तारीख का ऐलान करेंगे। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को घोषणा की कि अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण सहित मराठा समुदाय की मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए वह 25 जनवरी 2025 को अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे।

### MPSC परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग

**डीबीडी संवाददाता | नागपुर**

विशेष उल्लेख के तहत 21 सदस्यों ने सरकार से अनेक विषयों पर जवाब मांगे और अपनी मांगें रखीं। अनिल परब ने कहा कि राज्य में एमपीएससी परीक्षा की तिथि बढ़ाई जाए क्योंकि उस दौरान अन्य अनेक परीक्षाएं हैं। इससे उम्मीदवारों को दिक्कत होगी।

# एक देश एक चुनाव संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश

## ▸▸ 269 वोट समर्थन में और 198 विरोध में पड़े
## ▸▸ विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाएंगे

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

विपक्ष के जबरदस्त विरोध और सत्तापक्ष की मेजों की थपथपाहट के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को 'एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयकों को लोकसभा में पेश कर दिया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक सदन में पेश किए। इसके साथ उन्होंने विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव किया। सदन में दोनों विधेयकों का विरोध करते हुए विपक्षी पार्टियों ने इन्हें संविधान की मूल भावना और संघीय ढांचे के खिलाफ बताया। उन्होंने इसे तानाशाही की तरफ ले जाना वाला कदम करार देते हुए सरकार से विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का आग्रह किया। विधेयकों का एनडीए गठबंधन में शामिल टीडीपी और शिवसेना ने समर्थन किया, पर जद(यू) और रालोद का कोई सदस्य नहीं बोला। कानून मंत्री ने दोनों विधेयकों को लोकसभा में पुरस्थापित करने के लिए रखा। इस पर विपक्षी दलों ने मतविभाजन की मांग की। इसके बाद विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में 269 और विरोध में 198 वोट पड़े। नए संसद भवन में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक मतविभाजन हुआ था, इसलिए कई सदस्यों को परेशानी हुई। इसके चलते कुछ सदस्यों ने पर्ची से जरिये अपने वोट का इस्तेमाल किया।




### जेपीसी को भेजने की मंशा प्रधानमंत्री की : शाह

विधेयकों पर विपक्षी दलों के विरोध के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि ये जब केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के लिए आए थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंशा जताई थी कि इन्हें जेपीसी को भेजना चाहिए। इसके बाद कानून मंत्री ने विधेयकों को जेपीसी में भेजने का प्रस्ताव किया। कहा कि सरकार का मत है कि इन्हें जेपीसी के विचार के लिए भेजा जाए।

## 10 जनवरी, 2025 तक नोटिस का जवाब देने का आदेश

### CM प्रमोद सावंत की पत्नी ने ठोंका 100 करोड़ के मानहानि का केस

# नई मुश्किल में संजय सिंह

**डीबीडी संवाददाता | पणजी**

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह एक नई मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। 'कैश फॉर जॉब्स' बयान को लेकर सीएम प्रमोद सावंत की पत्नी की ओर से दाखिल 100 करोड़ रुपये के मानहानि मामले में गोवा की अदालत ने AAP सांसद संजय सिंह को नोटिस भेजा है। सीएम प्रमोद सावंत की पत्नी ने कथित तौर पर कैश-फॉर-जॉब घोटाले में उनका नाम लेने के लिए संजय सिंह से 100 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है। अदालत ने संजय सिंह से 10 जनवरी, 2025 तक नोटिस का जवाब देने को कहा है। बता दें कि आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने हाल ही में दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने कथित तौर पर सीएम प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत के खिलाफ आरोप लगाए थे। इसके बाद सुलक्षणा सावंत ने उत्तरी गोवा के बिचोलिम स्थित सिविल कोर्ट में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी।

### संजय सिंह को नोटिस जारी



बिचोलिम सिविल कोर्ट ने मंगलवार को केस की सुनवाई की और संजय सिंह को नोटिस जारी किया। सुलक्षणा सावंत ने अदालत से गुजारिश की है कि वह संजय सिंह को मानहानिकारक बयान के लिए माफीनामा प्रकाशित करने का निर्देश दे। इस माफीनामे में स्पष्ट किया गया हो कि उक्त मानहानिकारक बयान झूठे और तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। बयान के लिए संजय सिंह बिना शर्त माफी मांगें।

### शिकायतकर्ता ने गुजारिश



शिकायतकर्ता ने अदालत से यह भी गुजारिश की है कि संजय सिंह को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर उन्हें बदनाम करने वाले सार्वजनिक बयान को देने से रोकने के लिए कहा जाए। बता दें कि गोवा में कई कंडिडेट ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वे सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करने वाले कुछ लोगों को लाखों रुपये देने को विवश हुए। शिकायतों पर मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा था कि राज्य पुलिस कथित कैश-फॉर-जॉब घोटाले की जांच कर रही है।

## भाजपा ने MLC रंजीत मोहिते पाटिल को थमाया कारण बताओ नोटिस

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए विधान परिषद के सदस्य रंजीत मोहिते पाटिल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी ने पाटिल को 7 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई द्वारा सोमवार को जारी पत्र में कहा गया कि "आप भाजपा के प्रतिनिधि के रूप में पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए गए जिससे पार्टी को नुकसान हुआ। आपके खिलाफ अनुशासनहीनता के कई मामले सामने आए हैं।" कार्यालय सचिव मुकुंद कुलकर्णी द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में भाजपा ने विधान परिषद सदस्य पर चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य केंद्रीय मंत्रियों के नेतृत्व वाले प्रचार अभियानों में शामिल न होने का आरोप लगाया है।

**बदलापुर यौन उत्पीड़न** | महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय को दी जानकारी

# एसआईटी की जांच पूरी, पुलिस अधिकारी निलंबित

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक विद्यालय के शौचालय में एक स्कूल कर्मचारी ने 4 और 5 साल की बच्चियों का अगस्त में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया था और राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए थे। इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय को मंगलवार को बताया कि बदलापुर में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले की जांच पूरी कर ली गई है।

### दो आरोपपत्र दायर किए गए



साथ ही इस घटना के संबंध में एक पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। उच्च न्यायालय में जानकारी देते हुए राज्य सरकार ने बताया कि मामले में मारे गए आरोपी और स्कूल के न्यासी के खिलाफ दो आरोपपत्र दायर किए गए हैं। वहीं मामले को गंभीरता से न लेने पर दो पुलिस कांस्टेबल को सख्त चेतावनी भी दी गई है। बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले की जांच करने वाले विशेष जांच दल (SIT) की ओर से पेश लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ को बताया कि घटना की जांच पूरी हो चुकी है और एसआईटी को भंग कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले का आरोपी अक्षय शिंदे (24) सितंबर में मुंब्रा बाईपास के पास कथित मुठभेड़ में मारा गया था, उस समय उसने अपनी पूर्व पत्नी की शिकायत के आधार पर दर्ज मामले की जांच के सिलसिले में ले जाते समय एक पुलिसकर्मी की रिवाल्वर कथित तौर पर छीनकर गोली चलाई थी।

### एसआईटी को भंग किया

उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का आदेश दिया था। लोक अभियोजक वेनेगांवकर ने कहा कि "मामले की जांच पूरी हो चुकी है और एसआईटी को भंग कर दिया गया है।" वेनेगांवकर ने मंगलवार को पीठ को बताया कि समिति जनवरी 2025 में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अदालत ने मारे गए आरोपी के माता-पिता को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के मुद्दे पर अगली सुनवाई 19 दिसंबर को तय की है।

**खुलासा** | मैजिकविन बेटिंग एप मामले में ईडी का दावा : पाकिस्तानी है अवैध एप का मालिक

# दिल्ली, मुंबई और पुणे में 21 स्थानों पर छापेमारी

**एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) ने मैजिकविन बेटिंग एप मामले में मनी लॉन्ड्रिंग होने को लेकर दिल्ली, मुंबई और पुणे में 21 स्थानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी मैजिकविन के मामले में चल रही जांच का हिस्सा है, जो क्रिकेट पुरुष टी20 विश्व कप मैचों के अवैध प्रसारण और विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल था। छापेमारी के दौरान ईडी ने ३० लाख रुपये को फ्रीज किया है। इसके अलावा कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए। ईडी की जाँच में यह सामने आया है कि मैजिकविन एप का मालिक पाकिस्तान नागरिक है और इसका इस वेबसाइट का संचालन ज्यादातर दुबई में काम करने वाले या बसे भारतीय नागरिकों द्वारा किया जाता है।




**पाकिस्तानी नागरिक है इस अवैध एप का मालिक :** ईडी की जाँच में यह सामने आया है कि मैजिकविन एप का मालिक पाकिस्तान नागरिक है और इसका इस वेबसाइट का संचालन ज्यादातर दुबई में काम करने वाले या बसे भारतीय नागरिकों द्वारा किया जाता है। ईडी की जाँच में यह भी पता चला है कि वेबसाइट पर दिखाए जा रहे सट्टेबाजी के खेल मूल रूप से फिलीपींस और अन्य देशों में खेले जाते हैं, जहाँ सट्टेबाजी की गतिविधियाँ होती हैं।

**दुबई से किया जाता है संचालित :** मूल खेलों की नकल करके मैजिकविन वेबसाइट पर इसे फिर से प्रसारित किया जाता है। सट्टेबाजी की गतिविधियाँ जैसे सट्टा लगाना और निकासी मैजिकविन के मालिकों द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। जाँच के दौरान यह भी सामने आया है कि दांव लगाने वालों द्वारा मैजिकविन वेबसाइट पर दर्शाए गए बैंक खातों में जमा किए गए पैसे को शेल/म्यूल बैंक खातों की विभिन्न परतों के माध्यम से डायवर्ट किया गया था और मालिकों के लाभ का हिस्सा क्रिप्टो परिसंपत्तियों में निवेश किया गया था या नकद में निकाला गया था या हवाला चैनलों के माध्यम से दुबई भेजा गया था। इसके अलावा, दांव लगाने वालों की जीत की राशि भुगतान गेटवे/एग्रीगेटर्स के साथ बनाए गए विभिन्न शेल कंपनियों के मर्चेंट खातों के माध्यम से उनके संबंधित बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी जाती है।

### कई बी-टाउन हस्तियाँ शामिल

ईडी के मुताबिक मैजिकविन ने भारत में एक लॉन्च पार्टी की मेजबानी की थी, जिसमें कई बी-टाउन हस्तियाँ शामिल हुईं और मैजिकविन का समर्थन किया। इन मशहूर हस्तियों ने मैजिकविन के विज्ञापन के लिए वीडियो और फोटोशूट भी किए और इसके प्रचार के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए। गुजरात और महाराष्ट्र सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में होर्डिंग्स आउट ऑफ होम के माध्यम से भी विज्ञापन किए गए। जांच से पता चला कि इन सट्टेबाजी वेबसाइट द्वारा उत्पन्न लाभ खिलाड़ियों द्वारा किए गए कुल जमा का 50% से अधिक है।

## सुनील मोदी को नई याचिका में 7 मनोनीत एमएलसी को पक्षकार बनाने का निर्देश

**एजेंसी | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना उद्धव गुट नेता सुनील मोदी को नई जनहित याचिका में राज्यपाल द्वारा 7 मनोनीत एमएलसी को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि यदि याचिका स्वीकार की जाती है, तो कौन-कौन प्रभावित होने जा रहे हैं? इससे जो प्रभावित होंगे, उन्हें पक्षकार के रूप में जोड़ें और जनहित याचिका में संशोधन की मांग करते हुए एक अंतरिम आवेदन पेश करें। 15 जनवरी को मामले की अगली सुनवाई रखी गई है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ के समक्ष सुनील मोदी की याचिका पर सुनवाई हुई।

**याचिकाकर्ता की दलील:** याचिकाकर्ता के वकील संग्राम सिंह भोसलेने दलील दी कि राज्यपाल सात एमएलसी के नामों को मंजूरी नहीं दे सकते थे, क्योंकि हाई कोर्ट ने 7 अक्टूबर को उनकी पिछली जनहित याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। इस पर पीठ ने याचिकाकर्ता को कहा कि वे 7 मनोनीत एमएलसी को नई जनहित याचिका में पक्षकार बनाएं। 7 एमएलसी में से 3 भाजपा नेता चित्रा वाघ, विक्रांत पाटिल और धर्मगुरु बाबूसिंह महाराज राठौड़ है। जबकि शिवसेना के शिंदे गुट के दो नेता मनीषा कायंदे और हेमंत पाटिल और एनसीपी के अजीत पवार गुट के दो नेता पंजक भुजबल और इदरीस नाइकवाड़ी का नाम शामिल है।

# टीपू सुल्तान की जयंती पर निकलेगा जुलूस, हाई कोर्ट की फटकार के बाद पुलिस ने दी अनुमति



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान की जयंती मनाने के लिए 24 दिसंबर को पुणे में जुलूस निकालने को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। हाई कोर्ट की पीठ ने पिछले सप्ताह पुणे पुलिस को कार्यक्रम की अनुमति मांगने वाली याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया था। पुलिस ने मंगलवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने 18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान की जयंती मनाने के लिए 24 दिसंबर को पुणे में जुलूस निकालने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ को पुणे ग्रामीण पुलिस द्वारा दी गई अनुमति के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जुलूस निकालने का अधिकार है, लेकिन उसे कानूनी शर्तों और लगाए गये प्रतिबंधों का पालन करना होगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह पुलिस का काम है कि वह सुनिश्चित करे कि किसी कार्यक्रम के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे।

### एआईएमआईएम ने दायर की थी याचिका

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की पुणे इकाई के अध्यक्ष फैयाज शेख द्वारा दायर याचिका पर बंबई उच्च न्यायालय ने सुनवाई की। याचिका में पुलिस को टीपू सुल्तान, स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती और संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रैली आयोजित करने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। एआईएमआईएम द्वारा दायर याचिका के अनुसार, पुणे ग्रामीण पुलिस ने रैली के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था और याचिकाकर्ता से कहा था कि वह इन अवसरों को सार्वजनिक स्थान पर न मनाकर अपने निजी स्थान पर मनाए। पुलिस को आशंका थी कि ऐसी रैलियों से कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है।



### 12 दिसंबर को अर्जी पर निर्णय लेने का दिया था निर्देश

बंबई उच्च न्यायालय ने 12 दिसंबर को इस मामले कि सुनवाई करते हुए जानना चाहा कि क्या 18वीं सदी के मैसूर के शासक टीपू सुल्तान की जयंती मनाने पर कोई रोक है। उच्च न्यायालय ने इसी के साथ पुणे ग्रामीण पुलिस को इस मौके पर रैली निकालने की अनुमति की मांग संबंधी एक अर्जी पर निर्णय लेने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और शिवकुमार दिघे ने कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़ी चिंता किसी रैली के लिए मंजूरी नहीं देने का आधार नहीं हो सकती है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



# विधानसभा में उठा भिवंडी मेट्रो परियोजना का मुद्दा

## भिवंडी की कनेक्टिविटी पर रईस शेख ने जताई चिंता

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो 5 परियोजना की रुकावट का मुद्दा विधानसभा में भिवंडी पूर्व से सपा विधायक रईस शेख ने उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला भिवंडी शहर अब भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट की कनेक्टिविटी से वंचित है। इससे स्थानीय लोगों को यातायात संबंधी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रईस शेख ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मेट्रो के रुके हुए कार्य को शीघ्र शुरू करने और फेज 3 का टेंडर जल्द जारी करने की मांग की।



### परियोजना के ठप होने से बढ़ा आक्रोश

मेट्रो परियोजना के रुकने के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी है। कल्याण नाका से साईं बाबा मंदिर टेमघर तक मेट्रो मार्ग में आने वाली पाइपलाइन और अन्य बाधाओं को हटाने की योजना थी। स्थानीय संघर्ष समिति और जनप्रतिनिधियों की मांग के बाद मेट्रो को भूमिगत किए जाने की चर्चा हुई, लेकिन इसका काम आज तक शुरू नहीं हुआ।

### 2017 में मिली थी मंजूरी

गौरतलब है कि 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो 5 परियोजना को 8,417 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री के दावे के मुताबिक, परियोजना के पहले चरण का कार्य ठाणे कपूरबावड़ी, कशेली से धामनकर नाका फ्लाईओवर तक लगभग 80% पूरा हो चुका है। हालांकि, धामनकर नाका से आगे तिरुपति अस्पताल तक पिलर निर्माण कार्य पिछले एक साल से ठप्प पड़ा है।

### करोड़ों की वसूली, लेकिन प्रगति शून्य

भिवंडी और कल्याण के प्रॉपर्टी धारकों से मेट्रो निर्माण के नाम पर सेस चार्ज के जरिए करोड़ों रुपये वसूले जा चुके हैं। इसके बावजूद कार्य में कोई प्रगति न होने से नागरिकों में आक्रोश है। सपा विधायक रईस शेख ने विधानसभा में मुख्यमंत्री से अपील की कि मेट्रो 5 परियोजना का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि भिवंडी शहर को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके और विकास की गति तेज हो।

# स्व. निर्मलादेवी चिंतामण दिघे आश्रम स्कूल के 105 विद्यार्थियों के दांतों की जांच और सफाई

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार के मार्गदर्शन में ठाणे सिविल अस्पताल द्वारा स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य और दांतों की जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। बदलापुर के स्व. निर्मलादेवी चिंतामण दिघे आश्रम स्कूल के 105 विद्यार्थियों का इस शिविर में दांतों की सफाई की गई और पिट एंड फिशर सीलेंट प्रक्रिया पूरी की गई। इस अभियान में डॉ. अंजुम देशमुख, डॉ. प्रणिता बलकुंडे, डॉ. भाग्यश्री पवार और डॉ. स्नेहल गुल्हाणे ने विशेष योगदान दिया। डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि बच्चों को रात में सोने से पहले दांत साफ करने की आदत डालनी चाहिए। साथ ही, हर दो महीने में टूथब्रश बदलना और छह महीने या एक साल में दंत चिकित्सक से नियमित जांच कराना जरूरी है।

### मुख की स्वच्छता का महत्व

डॉ. अर्चना पवार ने बताया कि यदि मुंह की स्वच्छता सही से न रखी जाए तो सांसों में दुर्गंध, दांतों की सड़न, मसूड़ों से खून आना और दांतों का ढीला होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह मुंह के कैंसर का कारण भी बन सकता है। दुनियाभर में मुंह के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, और भारत में हर साल लगभग एक लाख नए मरीज सामने आते हैं। उन्होंने सलाह दी कि अगर मुंह में सफेद या लाल धब्बे दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। शिविर के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को मुख स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

**भिवंडी मनपा का 23वां स्थापना दिवस**

# गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों की उपेक्षा पर उठे सवाल

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी महानगरपालिका का 23वां स्थापना दिवस प्रशासन के तानाशाही रवैये के बीच मनाया गया, जहां शहर के गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों को जानबूझकर कार्यक्रम से दूर रखा गया। 16 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनपा प्रशासक और आयुक्त अजय वैद्य ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में जिला माहिती अधिकारी मनोज सानप उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मनपा सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 50 अधिकारी और कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। हालांकि, सम्मानित लोगों में कुछ विवादित नाम भी शामिल होने से कार्यक्रम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

### कार्यक्रम में व्यापक सजावट, लेकिन बड़ी उपेक्षा



मनपा मुख्यालय को भव्य तरीके से सजाया गया था। मुख्य गेट को रंग-बिरंगे फूलों से और बिल्डिंग को रोशनी के झालरों से सुसज्जित किया गया था। अधिकारी और कर्मचारी जश्न मना रहे थे, लेकिन गणमान्य नागरिकों, पूर्व महापौरों और पत्रकारों को आमंत्रित न किया जाना चौंकाने वाला रहा।

### मनपा आयुक्त की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय जागरूक नागरिकों ने आयुक्त अजय वैद्य की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्यक्रम में उन्हीं भ्रष्ट और नकारा अधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिनके कार्यों पर पहले कई बार सवाल खड़े हुए थे। लोगों का आरोप है कि टैक्स भरने के बावजूद भिवंडी शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं।

### शहीद कैप्टन विनायक गोरे नाटक के माध्यम से जागरूकता

कार्यक्रम में जिला माहिती अधिकारी मनोज सानप ने शहीद कैप्टन विनायक गोरे नाटक के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को देशसेवा, समाजसेवा और प्रशासकीय कार्य में निष्ठा की प्रेरणा दी।

### लाखों का खर्च, लेकिन जनहित की अनदेखी

स्थानीय लोगों ने मनपा स्थापना दिवस के लिए लाखों रुपये खर्च करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्यक्रम में शहर के आम नागरिकों को शामिल करने की बजाय दिखावा किया गया। भिवंडी की बदहाल स्थिति और मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते लोग ठाणे और मुंबई की ओर पलायन करने को मजबूर हैं।आक्रोशित नागरिकों ने कहा कि स्थापना दिवस मनाना बुरी बात नहीं है, लेकिन इसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों को शामिल किया जाना चाहिए था। क्या मनपा आयुक्त अजय वैद्य जनता के इन सवालों का जवाब देंगे?

# 'पत्र उत्सव 2.0' का सफल आयोजन

## हस्तलिखित पत्रों की चिरकालिक परंपरा को पुनर्जीवित करने की अनूठी पहल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय डाक के महाराष्ट्र सर्किल द्वारा मुंबई पत्र महोत्सव के दूसरे सत्र 'पत्र उत्सव 2.0' का आयोजन मुंबई जीपीओ के वितरण हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम हस्तलिखित पत्रों की परंपरा को पुनर्जीवित करने और युवाओं को उनके भावनात्मक महत्व से जोड़ने की एक विशेष पहल है।




### मुख्य कार्यक्रम और गतिविधियां

इस वर्ष के उत्सव में कई रोमांचकारी गतिविधियां की गईं जैसे कि पत्र लेखन, अच्युत पालव स्कूल ऑफ़ कैलीग्राफी द्वारा कैलीग्राफी पर एक कार्यशाला और कई महत्वपूर्ण विमोचन जिसमें पत्र उत्सव 2024 पर एक विशेष कैंसलेशन, विशेष स्लोगन कैंसलेशन, महापेक्स 2025 के शुभंकर "शेकरू" का अनावरण और शुभंकर पर एक पुस्तिका का अनावरण भी शामिल है। ।इस अवसर पर "लेखन का आनंद; डिजिटल युग में पत्रों का महत्व" विषय पर मुंबई शहर और उपनगर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 छात्रों ने पत्र लिखे और पत्र लेखन सत्र के बाद छात्रों ने अच्युत पालव स्कूल ऑफ कैलीग्राफी के शिक्षकों द्वारा आयोजित कैलीग्राफी पर एक संक्षिप्त कार्यशाला में भी भाग लिया।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार मधु मंगेश कार्णिक, भारतीय डाक विभाग की सदस्य (प्रचालन) मंजू कुमार, प्रख्यात फिल्म निर्माता शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर, महाराष्ट्र सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह, मुंबई क्षेत्र की पोस्टमास्टर जनरल सुचिता जोशी, महाराष्ट्र सर्किल के निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) अभिजीत बनसोडे और मुंबई क्षेत्र के निदेशक डाक सेवाएं डॉ. अजिंक्य काले जैसे कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

### उद्देश्य और संदेश

इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य डिजिटल संचार के युग में हस्तलिखित पत्रों के माध्यम से भावनात्मक और व्यक्तिगत संबंधों को पुनर्जीवित करना है। भारतीय डाक युवाओं को पत्र लेखन के भावनात्मक मूल्य और उसकी कलात्मकता की याद दिलाने का प्रयास कर रहा है।

# ऑपरेशन मातृशक्ति की पहल

## ट्रेन में प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को मिली मदद

**डीबीडी संवाददाता | चालीसगांव**



ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत मध्य रेल आरपीएफ आपातकालीन स्थितियों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव में हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। इसमें रास्ते में, स्टेशनों पर चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान करना, महिला को निकटतम अस्पताल ले जाना, रिश्तेदारों को सूचित करना आदि शामिल है।हाल ही में एक घटना में, आरपीएफ टीम ने दिनांक 12.12.2024 को चालीसगांव स्टेशन पर एक महिला को बच्ची को जन्म देने में मदद की।

### क्या है मामला ?

दिनांक 12.12.2024 को उप स्टेशन प्रबंधक, चालीसगांव को इगतपुरी-भुसावल मेमू में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने की सूचना मिली। एक महिला उप-निरीक्षक सहित आरपीएफ टीम ने यात्रियों की मदद से महिला को चालीसगांव में सावधानीपूर्वक उतारा। ट्रेन में यात्रा कर रहे एक डॉक्टर भी मदद के लिए पहुंचे और महिला ने स्टेशन पर एक बच्ची को जन्म दिया। मां और बच्चे को आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए सिविल अस्पताल ट्रॉमा केयर सेंटर, चालीसगांव ले जाया गया। बताया जाता है कि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

### इस साल 15 आपातकालीन स्थितियों में महिला यात्रियों की मदद

जनवरी से नवंबर-2024 की अवधि के दौरान, ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत मध्य रेल आरपीएफ टीम ने भुसावल मंडल पर 8, मुंबई मंडल पर 3, पुणे मंडल पर 3 और नागपुर मंडल पर 1 सहित ट्रेनों में 15 ऐसी आपातकालीन स्थितियों में महिला यात्रियों की मदद की है। रेलवे परिसर में 8 ऐसी आपात स्थितियों से निपटा गया है। "ऑपरेशन मातृशक्ति" गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए आरपीएफ के अटूट समर्पण का प्रमाण है।

# मध्य रेल के 9 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार सम्मान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने दिनांक 17.12.2024 को छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में 9 मध्य रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार सम्मान से सम्मानित किया। इनमें मुंबई मंडल के 4, भुसावल मंडल के 2, पुणे, नागपुर और सोलापुर मंडल के 1-1 कर्मचारी शामिल हैं। यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले माह के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिए गए। दिए जाने वाले पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- की नकद राशि शामिल है।

### महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को दी बधाई



महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनकी सतर्कता और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतर्कता और बहादुरी के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की सुरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर जगमोहन गर्ग, अपर महाप्रबंधक एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, चंद्र किशोर प्रसाद, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, रजनीश माथुर, प्रधान मुख्य इंजीनियर, एस एस गुप्ता, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, सुबोध कुमार सागर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, एच एम शर्मा, मुख्य विद्युत इंजीनियर (परिचालन), अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**इन्हें मिला पुरस्कार**

**मुंबई मंडल**
रणजीत सिंह, ट्रेन मैनेजर
रोहित कौशिक, लोकोपायलट
मृत्युंजय कुमार, ट्रैक मेंटेनर
अवधेश कुमार, ट्रैक मेंटेनर

**भुसावल मंडल**
राहुल यशवंत बाविस्कर, तकनीशियन, सी एंड डब्ल्यू
रितेश सुमंगल पाली, ट्रैक मेंटेनर

**पुणे मंडल**
विश्वनाथ गायकवाड़, खलासी
वेंकटरमन, लोको पायलट, तडाली

**सोलापुर मंडल**
नितिन मोहन शिंदे, ट्रैक मेंटेनर

# शहर की मुख्य सड़कों पर लावारिस वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर।**



प्रशासक एवं आयुक्त विकास ढाकने ने सभी सहायक आयुक्तों, वार्ड समितियों को आदेश दिए हैं कि वे उल्हासनगर महानगरपालिका की सभी प्रमुख सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई करें। इसके तहत यह देखा गया कि शहर की मुख्य सड़कों पर कई लावारिस वाहन पड़े हुए हैं। यह भी देखा गया कि उक्त लावारिस वाहन यातायात जाम का कारण बन रहे हैं। सहायक आयुक्त, वार्ड समिति क्रमांक 1 से 4 ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, शहर यातायात शाखा, उल्हासनगर के साथ मिलकर लावारिस वाहनों को हटाने के लिए संयुक्त अभियान शुरू किया है। 01/12/2024 से उल्हासनगर शहर की मुख्य सड़कों पर 49 लावारिस वाहन पड़े हुए देखे गए। उक्त वाहनों पर नियमानुसार नोटिस लगाकर वाहन मालिकों को वाहन हटाने की चेतावनी दी गई। देखा गया कि वाहनों पर नोटिस लगाने के बाद कुल 37 वाहनों को मुख्य सड़कों से हटाया गया। हालांकि, कुछ वाहनों को नहीं हटाए जाने के कारण यातायात पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर 12 लावारिस वाहनों को जब्त किया गया है।

# शिवसेना उबाठा का बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार और विधानसभा चुनाव में ईवीएम के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर भिवंडी शिवसेना उबाठा ने जोरदार प्रदर्शन किया। भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे के नेतृत्व में रविवार रात शिवसेना मध्यवर्ती कार्यालय से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक मशाल मोर्चा निकाला गया। प्रदर्शन में शिवसेना के उपनेता ज्योति ताई ठाकरे, ग्रामीण जिला प्रमुख विश्वास थले, भिवंडी शहर जिला प्रमुख मनोज गगे, शहर प्रमुख प्रसाद पाटील, तालुका प्रमुख कुंदन पाटील, महिला जिला उपसंघटिका कविता भगत, महिला शहर संघटिका वैशाली मेस्त्री, तालुका महिला संघटिका फशीताई पाटील, उपजिला प्रमुख तुलसीराम पाटील, जिला सचिव जय भगत, महेंद्र कुंभारे, विधानसभा संपर्क संघटक हनुमान पाटील, युवासेना जिला उपसंघटक राजू भाऊ चौधरी, मदन बल्लाल, भिवंडी जिला सचिव राजा पुण्यार्थी समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल हुए।




# ज्वेलरी दुकान से आभूषण चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार, 7 मामलों में है आरोपी

**डीबीडी संवाददाता | विरार**



मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने एक ज्वेलरी दुकान से चालाकी से आभूषण चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ 7 चोरी के मामले दर्ज हैं। क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में यूनिट 3 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख और पुलिस निरीक्षक धनंजय पोरे के नेतृत्व में, सपोनि. सोपान पाटील, पोउपनिरी. उमेश भागवत और पोउपनिरी. ज्ञानेश्वर आव्हाड की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

### आरोपी की गिरफ्तारी और कबूलनामा

पुलिस ने नालासोपारा पश्चिम निवासी 53 वर्षीय महिला को 17 दिसंबर को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान महिला ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महिला के खिलाफ विभिन्न थानों में 7 चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी महिला के अन्य मामलों में शामिल होने की भी पड़ताल जारी है।

### घटना का विवरण

5 नवंबर को विरार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत वामन हरि पेठे सराफ की विरार शाखा से महिला ने 34,608 रुपये के सोने के आभूषण चुरा लिए थे। इस घटना को लेकर विरार पुलिस स्टेशन में कलम 305 (अ) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# डेवलपमेंट के नाम पर किसानों की करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

## 6 साल बाद पुलिस ने बिल्डर पर 420 के तहत केस दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के कामतघर इलाके में डेवलपमेंट के नाम पर किसानों की जमीन हड़पने के मामले में 6 साल बाद नारपोली पुलिस ने 420 के तहत बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



### मामले का विवरण:

पुलिस के अनुसार, श्री हरि रियल्टी के भागीदार ठाणे मीरा रोड निवासी निमेश शशिकांत ठक्कर नामक बिल्डर ने 26 अप्रैल 2018 को कामतघर के तड़ाली गांव निवासी श्यामा रामू चौधरी की सर्वे नंबर 107/0 (2500 वर्ग मीटर), उनके भाई छत्रपति रामू चौधरी की सर्वे नंबर 108/5 (5240 वर्ग मीटर) और अशोक रामचंद्र पाटील की सर्वे नंबर 108/6 (2110 वर्ग मीटर) जमीन डेवलपमेंट के लिए 45% हिस्सेदारी के समझौते के तहत ली थी।

### क्या हुआ था:

बिल्डर ने भिवंडी मनपा से अनुमति लेकर ३देवदृष्टि एम्पायर३ नामक दो इमारतों का निर्माण किया। इन इमारतों में 209 फ्लैट और 26 गाले बनाए गए। समझौते के अनुसार, किसानों को बदले में 94 फ्लैट और 12 गाले दिए जाने थे।

### क्या है आरोप?

बिल्डर निमेश शशिकांत ठक्कर ने किसानों के साथ विश्वासघात करते हुए उनके हिस्से के फ्लैट और गाले न देकर सभी अपने फायदे के लिए बेच दिए।

### शिकायत और कार्रवाई:

किसान श्यामा रामू चौधरी (40) की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ IPC की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक विजय मोरे कर रहे हैं।

### किसानों की मांग:

पीड़ित किसानों ने न्याय की गुहार लगाते हुए अपने हिस्से के फ्लैट और गाले जल्द से जल्द वापस दिलाने की मांग की है।

# तीन जोड़ी ट्रेनों के टर्मिनल में 01 जनवरी, 2025 से परिवर्तन

**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे की तीन जोड़ी ट्रेनें, जिन्हें टर्मिनेटिंग स्टेशन पर पहले अस्थायी रूप से विस्तारित किया गया था, उसे अब 01 जनवरी, 2025 से मौजूदा समय और ठहराव आदि पर स्थायी रूप से विस्तारित कर दिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 14708/14707 दादर- बीकानेर रणकपुर एक्सप्रेस, लालगढ़ स्टेशन पर टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी। ट्रेन संख्या 12465/12466 इंदौर- जोधपुर एक्सप्रेस, भगत की कोठी स्टेशन पर टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी। ट्रेन संख्या 14808/14807 दादर- जोधपुर एक्सप्रेस, भगत की कोठी स्टेशन पर टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी।

# 101 रेलकर्मी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित

## मध्य रेलवे ने 5 विभागीय शील्ड के अलावा समग्र प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित गोविंद वल्लभ पंत शील्ड जीती

## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 7 मध्य रेल अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय रेल द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 21 दिसंबर को नयी दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में रेलकर्मियों को सम्मानित करेंगे. इसमें रेलवे के सभी 17 जोन के चयनित कर्मचारी एवं अधिकारी हिस्सा लेंगे.उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 7 मध्य रेल अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार में क्षेत्रीय रेलवे को शील्ड और व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को रजत पदक और योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान करना शामिल है। 22 विभागीय शील्ड में से, मध्य रेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन (व्यक्तिगत और संयुक्त रूप से) के लिए 6 विभागीय शील्ड प्राप्त की। मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना को सम्मानित विभागाध्यक्षो (पी.एच.ओ.डी.) के साथ समारोह के दौरान शील्ड प्रदान की जाएगी। वर्ष 2024 के लिए, 7 मध्य रेल अधिकारियों (2 अधिकारी और 5 कर्मचारी) की सेवाओं को प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है।






### 6 विभागीय शील्ड

**गोविंद वल्लभ पंत शील्ड**
सभी रेलवे ज़ोन में से (उत्तर पूर्वी रेलवे के साथ संयुक्त रूप से) समग्र दक्षता को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। ये पुरस्कार परिचालन और प्रशासनिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में मध्य रेल के कर्मचारियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और अभिनव दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

**यातायात परिवहन शील्ड**
परिवहन प्रणालियों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने में मध्य रेल के असाधारण प्रयासों को उजागर करना।

**स्टोर शील्ड**
इन्वेंट्री प्रबंधन और खरीद प्रथाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए।

**पर्यावरण और स्वच्छता शील्ड**
अपने अधिकार क्षेत्र में स्वच्छता और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए मान्यता प्राप्त।

**इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शील्ड**
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग परिचालन और नवाचारों में उत्कृष्टता को मान्यता देना। (ईस्ट कोस्ट रेलवे के साथ संयुक्त रूप से)

**सिविल इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन शील्ड**
बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुए (दक्षिण मध्य और पूर्व मध्य रेलवे के साथ संयुक्त रूप से)

### पुरस्कार विजेता

- हेमंत जिंदल, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी
- सुधा वेदप्रकाश द्विवेदी, ट्रेन टिकट निरीक्षक
- राहुल अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर
- मिलिंद खडक्कर, स्टेशन अधीक्षक
- संजीव कौतिक पाटिल, वरिष्ठ तकनीशियन (इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल मेंटेनर)
- पवन नीना फिराके, सहायक/सीएंडडब्ल्यू (खलासी हेल्पर)
- वी एम मशीदकर, मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक

## पश्चिम रेलवे के आठ अधिकारियों/कर्मचारियों को मिलेगा पुरस्कार

इस वर्ष पश्चिम रेलवे के आठ अधिकारियों/कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 के दौरान उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' प्रदान किया जाएगा। इनमें शामिल हैंः (1) डॉ. शिशिर कुमार राउल – अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक (2) श्री विजय कुमार – स्टेशन लेखा के वरिष्ठ यात्रा निरीक्षक (3) श्रीमती मंजू मीना – वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (4) श्री नलिन लोचन गुप्ता – वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी (5) श्रीमती शुचिता अरोड़ा – मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस (6) श्री श्याम सुंदर शर्मा – मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण (7) श्री प्रशांत सिंह – उप मुख्य इंजीनियर और (8) श्री नरेन्द्र कुमार – वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक। रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार के लिए चुना गया है जैसेः ए) नवाचारों/प्रक्रियाओं/कार्यप्रणालियों में उत्कृष्ट प्रयास जिससे व्यय में मितव्ययिता, उत्पादकता में सुधार, आयात प्रतिस्थापन आदि हो, बी) व्यक्तिगत सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए सराहनीय कार्य जिससे रेलवे में जीवन और संपत्ति की सुरक्षा हो, सी) रेलवे राजस्व बढ़ाने और बिना टिकट यात्रा और राजस्व चोरी को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान, डी) रेल परिचालन, सुरक्षा, संरक्षा और रेलवे परिसंपत्तियों की उन्न्त सुरक्षा में असाधारण योगदान, ई) विभिन्न परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा करना, एफ) खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन जिससे राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हो।

# फर्जी रोजगार घोटाले का किया पर्दाफाश

## आरपीएफ टीम ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** मध्य रेल, आरपीएफ टीम ने दिनांक 28.11.2024 को प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी), मध्य रेल के कार्यालय को प्राप्त एक ईमेल के आधार पर एक फर्जी रोजगार घोटाले का पर्दाफाश किया। संदेश संदिग्ध लगा और मामले को आगे की जांच के लिए चिह्नित किया गया। एक विस्तृत जांच में फर्जी भर्ती रैकेट का पता चला जिसमें जाली सरकारी दस्तावेज, सरकारी मेल आईडी को स्पूफ करना और रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से पैसे वसूलना शामिल था। साक्ष्य के आधार पर, अपराधियों का पता लगाया गया और उन्हें पकड़ लिया गया।

### शिकायत दर्ज



भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत रेलवे कर्मचारी संजय शुक्ला, तकनीशियन के रूप में कार्यरत, विरार कार शेड` और रोहित सिंह के खिलाफ सरकारी रेलवे पुलिस, सीएसएमटी में धारा 318(4) के तहत धोखाधड़ी, धारा 336(2) के तहत धोखाधड़ी करने के इरादे से जालसाजी, धारा 336(3) के तहत जाली दस्तावेजों का उपयोग करने के इरादे से जालसाजी, धारा 338 के तहत मूल्यवान दस्तावेज बनाने का अपराध और धारा 340(2) के तहत जाली दस्तावेज का उपयोग करने के आरोप में शिकायत दर्ज की गई है। मध्य रेल आरपीएफ ने केवल एक ही सबूत यानी एक मेल के साथ इस विसंगति का पता लगाने में कामयाबी हासिल की है। यह उनकी गहरी सूझबूझ को दर्शाता है और ऐसे मामलों को सुलझाने में सतर्कता और अनुकरणीय जांच कौशल पर जोर देता है।

**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर नोटिस संख्या S/68/2024 दि.13.12.2024

| अ.क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 741 | स्फेरोलास्टिक साइलेंट ब्लॉक | 812 नंबर | 09-जनवरी-25 |
| 742 | टीआर/मोटर एयर फ़िल्टर फ़्रेम के साथ पूरा | 7205 नंबर | 13-जनवरी-25 |
| 743 | हाइड्रोलिक डैम्पर्स का सेट | 63 सेट | 13-जनवरी-25 |
| 744 | केबल टर्मिनल/स्लीव्स का सेट | 60 सेट | 13-जनवरी-25 |
| 745 | द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस. | 57957 किग्रा | 14-जनवरी-25 |
| 746 | लचीली पॉली विनाइल क्लोराइड (PVC) फ़्लोरिंग शीट | 282 नंबर | 15-जनवरी-25 |
| 747 | हिताची टीएम के लिए बेलनाकार रोलर बेयरिंग का सेट | 300 सेट | 20-जनवरी-25 |

रिवर्स नीलामी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 62 | सिग्नलिंग केबल का आकार 6 कोर x1.5 वर्गमीटर | 356 किग्रा | 13-जनवरी-25 |

शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना संख्या S/56/2024 की अंतिम तिथि '23.12.2024' पढ़ें। दिनांकः-08/12/2024 क्रमांक 676 पर विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और www.wr.indianrailways.gov.in पर जाएं. प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक के लिए

0849 हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

ई-निविदा सूचना क्रमांक 55 दिनांक 12-दिसम्बर-2024

| क्रं. | निविदा क्रमांक | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10241580E | लोको साइड बफर असेंबली | 463 नग. | 26-12-24 |
| 2 | 41245074 | 171 थीन कलाएंट्स (एमएस विंडोज़), 171 यूपीएस और 171 डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर्स की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग | 171 नग. | 31-12-24 |
| 3 | 27243415A | सर्वो मोटर असेंबली | 976 नग. | 01-01-25 |
| 4 | 27243652A | फाइबर ऑप्टिक केबल का सेट | 32 सेट | 06-01-25 |
| 5 | 38244309 | आरसीएफ डीआरजी के लिए एलएचबी नॉन–एसी कोचों के लिए सेकेंडरी स्प्रिंग (बाहरी)। नंबर एलजी 0501, Alt-c और RDSO विशिष्टता संख्या RDS0/2017/CG-01 Rev. 02 के अूरुप फरवी 2023, स्प्रिंग कोड-F09 | 200 नग. | 07-01-25 |
| 6 | 18243494 | वुडवर्ड गवर्नर के लिए ओवरहालिंग किट | 54 नग. | 08-01-25 |
| 7 | 27242444 | स्थायी फील्ड डायवर्टर | 16 सेट | 08-01-25 |
| 8 | 71245068 | अल्ट्राथर्मिक कटिंग उपकरण (Inland तथा पानी केनीचे) | 11 सेट | 09-01-25 |
| 9 | 90241029A | डॅसिफाइड रेज़िन इंप्रेग्नेटेड कॉम्प्रेग प्लाइवुड, आकार: 2850x 850 x 12 मिमी RDSO स्पेसीफिकेशन के लिए क्रमांक सी-9407 | 8228 नग. | 09-01-25 |
| 10 | 50243081 | लो मेंटेनेंस लेड एसिड (LMLA) बैटरी सेकेंडरी सेल 2V x 80AH क्षमता। | 8916 नग. | 13-01-25 |
| 11 | 80243151A | ट्रांसफार्मर ऑयल | 58102 लिटर | 13-01-25 |
| 12 | 38245123 | उच्च क्षमता वाले अंतरवाहन कपलर्स की आपूर्ति | 60 सेट | 17-01-25 |
| 13 | 50244015 | प्रत्येकी 60 सेल 2V/300 AH का सीलबंद रखरखाव मुक्त VRLA बैटरी सेट एसएमपीएस आधारित एकीकृत विद्युत आपूर्ति (आईपीएस) प्रणाली के लिए। | 125 सेट | 20-01-25 |
| 14 | 50243102 | मुख्य रंग लाइट सिग्नल के लिए एसईडी सिग्नल लैंप | 1422 नग. | 27-01-25 |
| 15 | 36245012 | 500 केवीए, 22 केवी / 2.2 केवी 3 फेज पावर ट्रांसफार्मर। | 06 नग. | 09-01-25 |

नोट : उपरोक्त सभी निविदाएं ई–निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

SUN 615 कृत प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी स्पेशल ट्रेनें




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा महाकुंभ मेला-2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए उधना-बलिया, वलसाड-दानापुर, वापी-गया, विश्वामित्री-बलिया, साबरमती-बनारस, साबरमती-बनारस (वाया गांधीनगर केपिटल), डॉ. अंबेडकर नगर-बलिया और भावनगर टर्मिनस-बनारस स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर आठ जोड़ी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

**1. ट्रेन संख्या 09031/09032 उधना-बलिया महाकुंभ मेला स्पेशल (04 फेरे)**
ट्रेन संख्या 09031 उधना-बलिया महाकुंभ मेला स्पेशल उधना से सुबह 06:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:00 बजे बलिया पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 जनवरी और 16 फरवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09032 बलिया-उधना महाकुंभ मेला स्पेशल बलिया से 23:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 12:45 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 जनवरी और 17 फरवरी 2025 को चलेगी।

**2. ट्रेन संख्या 09019/09020 वलसाड-दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल (16 फेरे)**
ट्रेन संख्या 09019 वलसाड-दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल वलसाड से 08:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 08, 17, 21, 25 जनवरी और 08, 15, 19, 26 फरवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09020 दानापुर-वलसाड महाकुंभ मेला स्पेशल दानापुर से 23:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 09:30 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन 09, 18, 22, 26 जनवरी और 09, 16, 20, 27 फरवरी, 2025 को चलेगी।

**3. ट्रेन संख्या 09021/09022 वापी-गया महाकुंभ मेला स्पेशल (20 फेरे)**
ट्रेन संख्या 09021 वापी-गया महाकुंभ मेला स्पेशल वापी से 08:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:00 बजे गया पहुंचेगी। यह ट्रेन 09, 16, 18, 20, 22, 24 जनवरी और 07, 14, 18, 22 फरवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09022 गया-वापी महाकुंभ मेला स्पेशल गया से 22:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 10:00 बजे वापी पहुंचेगी। यह ट्रेन 10, 17, 19, 21, 23, 25 जनवरी और 08, 15, 19, 23 फरवरी, 2025 को चलेगी।

**4. ट्रेन संख्या 09029/09030 विश्वामित्री-बलिया महाकुंभ मेला स्पेशल (02 फेरे)**
ट्रेन संख्या 09029 विश्वामित्री-बलिया महाकुंभ मेला स्पेशल 17 फरवरी, 2025 को विश्वामित्री से 08:35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:00 बजे बलिया पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09030 बलिया-विश्वामित्री महाकुंभ मेला स्पेशल 18 फरवरी, 2025 को 23:30 बजे बलिया से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 10:05 बजे विश्वामित्री पहुंचेगी।

**5. ट्रेन संख्या 09413/09414 साबरमती-बनारस महाकुंभ मेला स्पेशल (10 फेरे)**
ट्रेन संख्या 09413 साबरमती-बनारस महाकुंभ मेला स्पेशल साबरमती से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:45 बजे बनारस पहुँचेगी। यह ट्रेन 16 जनवरी और 05, 09, 14, 18 फरवरी, 2025 को चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09414 बनारस-साबरमती महाकुंभ मेला स्पेशल बनारस से 19:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 00:30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह ट्रेन 17 जनवरी और 06, 10, 15, 19 फरवरी 2025 को चलेगी।

**पश्चिम रेलवे**

विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008. आमंत्रित करता है निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-निविदा.

| निविदा सूचना संख्या और तिथि | कार्य और स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | ईएमडी |
|---|---|---|---|
| बीसीटी/24-25/234 दिनांक 12/12/2024 | (1) महालक्ष्मी (जीएसडी): महालक्ष्मी (जीएसडी) में छत की चादर, घाटी गटर, डाउन टेक पाइप आदि के माध्यम से गंभीर रिसाव को रोकने के लिए मानसून पूर्व सावधानियां (2) मुंबई सेंट्रल कारशेड जीर्ण-शीर्ण सीमा दीवार के बदले उच्च मूल्य वाले स्टोर के चारों ओर सीमा दीवार का निर्माण. | रु. 1,40,62,639.91 | रु. 2,20,300.00 |
| बीसीटी/24-25/236 दिनांक 12/12/2024 | लोअर परेल कार्यशाला में विभिन्न स्थानों पर संरचनात्मक देखभाल और प्लास्टर प्रदान करके मरम्मत कार्य | रु. 1,48,00,807,51/- | रु. 2,24,000,00 |
| बीसीटी/24-25/237 दिनांक 12/12/2024 | महालक्ष्मी (कार्यशाला): महालक्ष्मी (खेल मैदान), महालक्ष्मी (ईएमयू शॉप), महालक्ष्मी (स्टोर), महालक्ष्मी (आरपीएफ कॉलोनी) में 730 दिनों की अवधि के लिए टैंकरों के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति. | रु. 36,37,360/- | रु. 72,800.00 |

उपर्युक्त सभी निविदाएं, प्रस्तुत करने की तिथि और समयः 07.01.2025, 15.00 बजे तक. खुलने की तिथि और समयः 07.01.2025 को 15.30 बजे. कार्य की विस्तृत प्रकृति, निविदा पो दस्तावेज की लागत (गैर-वापसी योग्य), ईएमडी पात्रता मानदंड, कार्य की समान प्रकृति, विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में, कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

0839

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

सं. उप.मुख्य. इंजी./ एमएंडई. 3961/डब्ल्यू.एस. दिनांक 16.12.2024

**निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त पात्र बोलीदाताओं से 'प्रतिशत दर के आधार पर' निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बोली आरंभ तिथि और समय तथा बोली समाप्ति तिथि और समय एमसीजीएम की वेबसाइट पर ' निविदाएं' अनुभाग के अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है।

| बृहन्मुंबई महानगरपालिका ई-निविदा सूचना | |
|---|---|
| विभागः | मुख्य.इंजी.(एमएंडई) |
| अनुभागः | उप.मुख्य. इंजी.(एम एंड ई)डब्ल्यू.एस. |
| ई-निविदा संख्या | 2024_MCGM_1124710_1 |
| विषयः | के-ईस्ट वार्ड में प्रताप नगर कब्रिस्तान, जोगेश्वरी (ई) में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का द्विवार्षिक संचालन और रखरखाव। |
| बोली प्रारंभः<br>बोली समाप्तिः | दिनांक 18.12.2024 समय-11.00 बजे<br>दिनांक 24.12.2024 समय-15.00 बजे |
| पोर्टलः | http://portal.mcgm.gov.in<br>https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्तिः<br>अ) नामः<br>बी) संपर्क नंबर (कार्यालय):<br>सी) टेलीफोन नंबरः<br>d) ई-मेल पताः | ई.ई.(एम एंड ई) डब्ल्यू.एस.आई<br>श्री जे.डी.शिरसाठ<br>022-29677586<br>022-29677905<br>eews01.me@mcgm.gov.in |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए नगर निगम की वेबसाइट http://portal.megm.gov.in/https://mahatenders.gov.in पर जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज डाक/कूरियर द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./-
कार्य. इंजीनियर (एम एंड ई) डब्ल्यू.एस.-1

पीआरओ/1992/विज्ञा./2024-2025

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**मध्य रेल**

मुंबई मंडल

खुली ई–निविदा सूचना सं. मरे/मरेप्र(कार्य) बीबी/2024/30 दिनांक - 16.12.2024

**क्रम संख्या–1.** कार्य का नाम – एसएसई पीवे (डब्ल्यू) कल्याण के तहत दिवा में एलसी 29–सी पर क्षतिग्रस्त सड़क की सतह का पुनरुत्थान। लगभग मूल्य रू में 4.99 लाख। बयाना राशि रु में - 10000/- समापन अवधि 2 महीने।

**क्रम संख्या–2.** कार्य का नाम – 1200 मिमी व्यास के प्रस्तावित बिछाने के लिए शेष कार्य। आरसीसी एसपीएल एनपी 4 मौजूदा ओवरहेड 600 मिमी व्यास के स्थान पर माड़को टनलिंग विधि द्वारा कोपर–डोंबिवली के बीच किमी 47/500-600 पर रेलवे ट्रैक के नीचे 4 क्लास केसिंग पाइप। केडीएमसी सीवर ड्रेनेज पाइप लाइन जो डीएफसीसीआईएल मार्ग का उल्लंघन कर रही है। लगभग मूल्य रु में 159.56 लाख बयाना राशि रु में 229800 समापन अवधि 8 महीने।

**क्रम संख्या–3.** कार्य का नाम – क) एसएसई (डब्ल्यू) कल्याण के तहत ओएचई स्टोर कल्याण के पास जीआरपी कार्यालय आरओबी से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत (1200 मिमी व्यास आरसीसी पाइप बिछाने के कारण। ख) वरिष्ठ डीईएन (एनई) क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कल्याण–इगतपुरी खंड के बीच विभिन्न स्थानों पर चारदीवारी पर कड़ा मोल्डिंग कंपोजिट (टीएमसी) कचरा संरक्षण व्यवस्था। ग) एडीईएन (एम) इगतपुरी के तहत सी एंड डब्ल्यू कार्यालय और स्टोर रुम की मरम्मत। डी) वरिष्ठ डीईएन (एनई) क्षेत्राधिकार के तहत उत्तर–पूर्व घाट खंड में सुरंगों के अंदरुनी हिस्सों की सफाई और सफेदी। (ड) वरिष्ठ डीईएन (एनई) सीएसएमटी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कल्याण–इगतपुरी खंड के बीच विभिन्न स्थानों पर सख्त मोल्डिंग कंपोजिट (टीएमसी) ड्रेन कवर। लगभग मूल्य रू में 645.82 लाख। बयाना राशि रु में - 472900/- समापन अवधि 8 महीने।

**क्रम संख्या–4.** कार्य का नाम – क) पेन–थल में पुल संख्या 115/3 के पाइल कैप और एबटमेंट को मजबूत करना। बी) एडीईएन/पूर्व/पनवेल के तहत पुल संख्या 84/1 ए (13/18.3) (पातालगंगा नदी पुल) के पेडस्टल (24 संख्या) और बीआर संख्या 131/2ए (7/18.3) अम्बा नुी पुल) के (12 संख्या) के लिए सुदृढीकरण। लगभग मूल्य रू में 116.93 लाख। बयाना राशि रु में - 208500/- समापन अवधि 6 महीने।

**क्रम संख्या–5.** कार्य का नाम – कल्याण–लोनावाला खंड पर गेज फेस लुब्रिकेटर 46 नग का प्रावधान। लगभग मूल्य रु में 680.83 लाख। बयाना राशि रु में - 490400/- समापन अवधि 60 महीने।

**क्रम संख्या–6.** कार्य का नाम – बधवार पार्क में मध्य रेलवे के अधिकारी क्वार्टर की मरम्मत और रखरखाव। लगभग मूल्य रू में 296.40 लाख। बयाना राशि रु में - 298200/- समापन अवधि 12 महीने।

**क्रम संख्या–7.** कार्य का नाम – वरिष्ठ अभिदान (एनई) खंड के अंतर्गत एसएसई (पीवे) इगतपुरी के अंतर्गत टिटोली यार्ड में सुधार। लगभग मूल्य रू में 141.80 लाख। बयाना राशि रु में - 220900/- समापन अवधि 8 महीने।

**क्रम संख्या–8.** कार्य का नाम – (क) कसरा–इगतपुरी घाट खंड में रॉक फॉल बैरियर की व्यवस्था द्वारा इगतपुरी–कसारा खंड की किमी 126/100-126-800 डाउन लाइन के बीच सुभेद्य कटाई सुरक्षा उपाय। ख) कसारा–अटगांव ओएमबी–केई खंड में बड़ी मात्रा में तूफान, जल निकासी जल अपरदन रेलपथ निर्माण से रेलपथ निर्माण का संरक्षण ओएचई किमी 113/49-112/1। लगभग मूल्य रू. 1738.80 लाख। बयाना राशि रु में - 1019400/- समापन अवधि 10 महीने।

**क्रम संख्या–9.** कार्य का नाम – ए) आसनगांव–इगतपुरी:– आरआरसी बॉक्स (7 नग स्टोन, 3 नग रेल टॉप और 2 नग छोटे पाइप पुलिया) द्वारा छोटे पत्थर के टॉप/रेल टॉप और छोटे ह्यूम पाइप पुलियों का प्रतिस्थापन। ख) जलमार्ग चौड़ीकरण द्वारा संरक्षण कार्य और नदी प्रशिक्षण और किमी 78/3-5 प्रमुख पुल पर और बीआर.73/2 शर्मल नाला में आरसीसी बॉक्स का निवेशन कल्याण-इगतपुरी में। लगभग मूल्य रू 1780.78 लाख। बयाना राशि रु में - 1040400/- समापन अवधि 10 महीने।

**क्रम संख्या–10.** कार्य का नाम – क) एडीईन (टी) कल्याण के तहत एसएसई (पी/वे) एनआरएल अनुभाग के लिए विविध पी.वे कार्य। ख) नेरल–माथेरान – एडेन टी कल्याण के अंतर्गत एसएसई (पी/वे) एनजी नेरल सेक्शन के लिए विविध पीवे कार्य। ग) एडेन (टी) कल्याण के तहत एसएसई (पी/वे) नेरल सेक्शन के लिए सैंड हंप्स का मानकीकरण। डी) वर्ष 2024-25 के लिए एडीईएन (N) लोनावाला के तहत एसएसई (पी/वे) कर्जत सेक्शन के लिए विविध पीवे कार्य। ई) खंडाला में 1 में 16 टर्नाउट बिंदु संख्या 108-I और 108-II का टीटीआर। च) एडेन (एन) लोनावाला के तहत एसएसई (पी/वे) कर्जत/लोनावाला खंड के लिए सैंड हंप (6 संख्या) का मानकीकरण। छ) एडीईन (एन) लोनावाला के तहत नागरिक मानदंडों के अनुसार पटरियों का गहन कचरा बीनना और कचरे का निपाटन। लगभग मूल्य रू 697.36 लाख। बयाना राशि रु में - 498700/- समापन अवधि 12 महीने।

उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र. 1 दिनांक 31.12.2024, क्र. 2 दिनांक 02.01.2025, क्र. 3 और 6 दिनांक 06.01.2025, क्र. 4 और 5 दिनांक 03.01.2025, क्र. 7 और 8 दिनांक 10.01.2025, क्र. 9 दिनांक 17.01.2025, क्र. 10 दिनांक 07.01.2025 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुद्धिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध हैं। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रुप सेटेंडर से ऊपर ई–टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई–टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्यूअल रुप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। www.ireps.gov.in वेबसाइट में प्रकृति का नियम के अनुसार उपलब्ध किए गए पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रुप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन -022-67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अूरुप है। निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमट मुंबई-400001 के नोटिसबोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मुंबई छशिमट**

SUN 619 अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# काबू में मलेरिया

यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफ जंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फेज-2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसके लिये मलेरिया की पहचान, बचाव तथा इलाज की प्राथमिकता सुनिश्चित करने का आग्रह सरकारों से किया है। जिससे मलेरिया के मामलों में गिरावट से लाखों जिंदगियों की रक्षा की जा सके। ऐसे में नई वैक्सीन के उत्साहजनक परिणामों से मलेरिया के संदर्भ में संवेदनशील देशों में इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने में मदद मिलेगी। जो मानवता के लिये एक सुखद संकेत भी है।

# गिग अर्थव्यवस्था में बढ़ते जॉब्स के साथ चुनौतियां

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इन दिनों पूरे देश में गिग अर्थव्यवस्था में नौकरियां एक बड़ी चुनौती के रूप में दिखाई दे रही हैं। हाल ही में फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स द्वारा भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के जीडीपी में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा।

गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगें लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और सेवाएं देते हैं। कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं।

खास बात यह कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़ने के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर करीब



2.3 करोड़ हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित श्रम के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसके तहत मॉनसून के दौरान टिकाऊ रेनकोट प्रदान करने से लेकर आराम करने के क्षेत्र की स्थापना और गर्मी के मौसम के दौरान पानी की सुविधा शामिल हैं। खासतौर से अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, ज़ोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों के कल्याण के परिप्रेक्ष्य में सक्रिय रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए दिखाई दे रही हैं। फिर भी अभी देश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाना होगा। खासतौर से हमें गिग-वर्कर्स के लिए भविष्य निधि और पेंशन और बीमा संबंधी कवरेज और लाभों के बारे में सोचना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग ने 'इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' शीर्षक से जो रिपोर्ट लॉन्च की है, उसके तहत अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गयी, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। यद्यपि देश में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (संहिता) अधिनियमित हो चुकी है लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं है। यह संहिता सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और क्रेच लाभ प्रदान करने के लिए गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाती है। देश में गिग वर्कर्स के लिए ऐसी योजनाएं-नीतियां बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ानी होंगी, जिसमें एक फर्म या सरकार के सहयोग द्वारा विशिष्ट रूप से ऐसा डिजाइन हो, जैसा कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत परिकल्पित है। कई देशों में गिग वर्कर्स को 'वर्कर्स' के रूप में वर्गीकृत करके जो मॉडल स्थापित किया गया है, उस पर ध्यान दिया जाना होगा। इसके साथ ही, सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने की ज़िम्मेदारी साझा करने हेतु निष्पक्ष, पारदर्शी तंत्र स्थापित करने के लिये सरकारों, गिग प्लेटफॉर्म और श्रम संगठनों के बीच सहयोग की आवश्यकता होगी। निश्चित रूप से देश में गिग वर्कर्स को यदि सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी, तो गिग वर्कर्स के रूप में काम कर रही देश की नई पीढ़ी के चेहरे पर मुस्कुराहट आ सकेगी और देश उनके अधिकतम योगदान से तेजी से विकास की डगर पर बढ़ेगा।

जीवन मंत्र

दीपक चोपड़ा

# अपने साथ आपका सुलूक

यह ठीक है कि हम दूसरों के व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन हम उनके बर्ताव की अपनी व्याख्या को तो नियंत्रित कर सकते हैं, और इस तरह हम अपने मन की शांति और भलाई पर नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।

पिछले दिनों एक पत्र मिला, जिसमें पूछा गया था, आप कहते हैं कि रिश्ते इस बात का दर्पण हैं कि हम अपने साथ कैसा सुलूक करते हैं, जबकि ज्ञान परंपराएं कहती हैं, हम इस बात के लिए जिम्मेदार नहीं हैं कि दूसरे लोग हमारे साथ कैसा व्यवहार करते हैं; हम केवल अपने व्यवहार के जिम्मेदार हैं। ये दोनों संदर्भ अपने आप में विरोधाभासी प्रतीत होते हैं। अब जब मैं देखता हूं कि कई लोग मेरे साथ एक खास तरीके का सुलूक कर रहे हैं, जो निश्चित तौर पर अनुचित व्यवहार है, तो मुझे यह कैसे पता चलेगा कि यह मेरे ही अंतर को प्रतिबिंबित कर रहा है या फिर इसका मुझसे कोई लेना-देना नहीं?

रिश्तों के दर्पण होने का मतलब है कि हम दूसरे व्यक्ति के शब्दों या व्यवहार की प्रतिक्रिया में कैसा महसूस करते हैं? ये दरअसल हमारे आत्मविश्वास और उन दृष्टिकोणों का दर्पण है, जो हम अपने बारे में रखते हैं। यह दूसरों के प्रति हमारी सभी प्रतिक्रियाओं पर लागू नहीं होता। यह बस उन प्रतिक्रियाओं से संबंधित है, जो हमारी तटस्थ प्रतिक्रिया की तुलना में असंगत या अतिरंजित हैं।



यह कहना कि केवल अपने कार्यों पर नियंत्रण या उसकी जिम्मेदारी हमारी है, किसी और की नहीं, रिश्तों के दर्पण के लिए एक स्वाभाविक परिमापक बिंदु है। यह ठीक है कि हम दूसरों के व्यवहार को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन हम उनके बर्ताव की अपनी व्याख्या को तो नियंत्रित कर सकते हैं, और इस तरह हम अपने मन की शांति और भलाई पर नियंत्रण बनाए रख सकते हैं। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति यदि अविवेकपूर्ण या स्वार्थपूर्ण कार्य करता है, और आप इससे काफी आहत हो जाते हैं। क्यों? क्योंकि यह आपके अतीत की इस धारणा को प्रतिबिंबित करता है, जो कहता है कि 'मेरे साथ अनुचित चीजें होती हैं, क्योंकि यह एक मतलबी दुनिया है और मुझे इससे नफरत है।' यहीं पर आपको गौर करने की जरूरत है। यह एहसास कि आप उस व्यक्ति के कार्यों, उसके आचरण को तो नहीं बदल सकते, मगर उसके कार्यों, आचरणों की अपनी व्याख्या को बदल सकते हैं, बहुत फर्क डाल देगा। आप अपने दैनिक जीवन में इस सूत्र को आजमाकर देख लीजिए।

जब आप अन्याय का शिकार होने संबंधी अपनी अनुकूलित (कंडीशंड) मान्यताओं को साफ करते हैं, और व्यक्ति विशेष के व्यवहार को सीमित, स्वार्थी दृष्टिकोण से प्रेरित देखते हैं, जो यह सोचता है कि वह जो चाहता है, उसे सिर्फ दूसरों की कीमत पर प्राप्त कर सकता है, तो आपको लगेगा यह न उचित है, न ही अनुचित है। जब आप जानते हैं कि आपके अंदर उसके व्यवहार से प्रतिबिंबित होने को कुछ भी नहीं, तब आप बिना परेशानी के आगे बढ़ सकते हैं।

शख्सियत | भिखारी ठाकुर

# एक आम आदमी जिसने भोजपुरी को बना दिया खास



18 दिसंबर 1887 को छपरा के कुतुबपुर दियारा गांव में एक निम्नवर्गीय नाई परिवार में जन्म लेने वाले भिखारी ठाकुर ने विमुख होती भोजपुरी संस्कृति को नया जीवन दिया। भोजपुरी के नाम पर सस्ता मनोरंजन परोसने की परंपरा भी उतनी ही पुरानी है, जितना भोजपुरी का इतिहास। उन्होंने भोजपुरी संस्कृति को सामाजिक सरोकारों के साथ ऐसा पिरोया कि अभिव्यक्ति की एक धारा भिखारी शैली जानी जाने लगी।

भिखारी ठाकुर लोक कलाकार ही नहीं थे, बल्कि जीवन भर सामाजिक कुरीतियों और बुराइयों के खिलाफ कई स्तरों पर जूझते रहे। उनके अभिनय और निर्देशन में बनी भोजपुरी फिल्म 'बिदेसिया' आज भी लाखों-करोड़ों दर्शकों के बीच पहले जितनी ही लोकप्रिय है। उनके निर्देशन में भोजपुरी के नाटक 'बेटी बेचवा', 'गबर घिचोर', 'बेटी वियोग' का आज भी भोजपुरी अंचल में मंचन होता रहता है। इन नाटकों और फिल्मों के माध्यम से भिखारी ठाकुर ने सामाजिक सुधार की दिशा में अदभुत पहल की। फिल्म बिदेसिया की ये दो पंक्तियां तो भोजपुरी अंचल में मुहावरे की तरह आज भी गूंजती रहती हैं।

'हंसि हंसि पनवा खीऔले बेईमनवा
कि अपना बसे रे परदेश
कोरी रे चुनरिया में दगिया लगाई
गइले, मारी रे करेजवा में ठेस'

भिखारी ठाकुर के व्यक्तित्व में कई आश्चर्यजनक विशेषताएं थी। मात्र अक्षर ज्ञान के बावजूद पूरा रामचरित मानस उन्हें कंठस्थ था। शुरुआती जीवन में वह रोजी-रोटी के लिए अपना घर-गांव छोडकर खड़गपुर चले गए थे। कुछ वक्त तक वहां नौकरी की। तीस वर्षों तक पारंपरिक पेशे से जुड़े रहे। अपने गांव लौटे तो लोक कलाकारों की एक नृत्य मंडली बनाई। जिसके बाद वह रामलीला करने लगे। उनकी संगीत में भी गहरी अभिरुचि थी। वह कई स्तरों पर कला-साधना करने के साथ साथ भोजपुरी साहित्य की रचना में भी लगे रहे। भिखारी ठाकुर ने कुल 29 पुस्तकें लिखीं। आगे चलकर वह भोजपुरी साहित्य और संस्कृति के समर्थ प्रचारक और संवाहक बने। बिदेसिया फिल्म से उन्हें खूब प्रशंसा मिली।

भिखारी ठाकुर के नाटक 'बेटी बेचवा', 'गबर घिचोर', 'बेटी वियोग' सहित उनके सभी नाटकों में बदलाव को दिशा देने वाले एक सामाजिक चिंतक की व्यथा साफ दिखती है। वह अक्सर अपने नाटकों में सूत्रधार बनते और अपनी बात बड़े चुटीले अंदाज़ में कह जाते। अपने अंतिम समय तक सामाजिक के लिए भी उन्होंने समाज के कल्याण के लिए बेहतरीन नाटक दिए।

जीवन ऊर्जा

अदम गोंडवी : निधन 18 दिसंबर 2011 | देहावसान

# सामाजिक अस्मिता का प्रश्न

हम विचारों से उठते हैं, गिरते हैं, चमकते और दुबकते हैं। किसी भी व्यक्ति के विचार ही उसे सामान्य से विशेष और कालजयी बना देते हैं। अपने इंकलाबी विचारों की बदौलत ही 22 अक्टूबर 1947 को उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के ग्राम आटा परसपुर में मां मांडवी सिंह और पिता देवकली सिंह के घर में जन्मे जिस बालक को प्यार से रामनाथ सिंह नाम दिया गया, वही बालक युवा होकर हिंदी साहित्यकाश में अदम्य सूर्य की भांति अदम गोंडवी के नाम से चमका।

अदम गोंडवी अपनी तबीयत के शायर थे, वे अपने समकालीन परिवेश में जो कुछ भी घटते हुए देखते हैं उस पर करारा प्रहार करते चलते हैं। गोंडवी की गजलों का सौन्दर्य ऊंचे महलों या कोठे का नहीं है, उनका सौन्दर्य है, हांथों में छाले और पैरों में फटी बिवाई का, मेहनतकश मानव का, भुखमरी और जलालत में जिन्दगी गुजर बसर करने वाली जनता का। वे ललकार कर कहते हैं-

'जिसके हाँथों छाले हैं, पैरों में बिवाई है
उसी के दम से रौनक आपके
बंगले में आयी है'

अदम गोंडवी का काव्य यद्यपि विचार प्रधान है पर ये विचार दुःख और पीड़ा की सघन अनुभूतियों से उपजे हैं। अतः उनका काव्य कोरे विचार के दबाव में शुष्क नहीं हो गया है, उनके विचारों में भाव और भावनाएं भी मौजूद हैं।



आज़ादी के बाद देश की राजनीतिक-विसंगतियों पर हिंदी कविता अपने तरीके से क़रारा प्रहार करने की मुहिम चलाती आयी है। अदम गोंडवी भी इसी मुहिम के सशक्त हस्ताक्षर हैं। देश में आज़ादी आने के बाद किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ। दलितों और हाशिए पर रहे समाजों की हालात जस की तस बनी रही। दलित-पिछड़ों के जीवन में तनिक बदलाव नजर नहीं आया था। कवि, शायर, गद्यकारों ने समय समय पर साहित्य के माध्यम से इस सवाल को जिन्दा रखा था। आज़ादी को लेकर अदम गोंडवी ने भी जनतंत्र के पैरोकारों से सवाल किया है कि-

'सौ में सत्तर आदमी फ़िलहाल
जब नाशाद है,
दिल पे रखकर हाथ कहिए देश
क्या आज़ाद है'

इन्हीं नाशाद आदमियों के परिप्रेक्ष्य में अदम गोंडवी ने राजनीतिक-सत्ता की विसंगतियों पर जबर्दस्त प्रहार किया है। राजनीतिक में पैसे और गुंडागर्दी के बल पर ग्राम्य स्तर पर होने वाली गंदी राजनीति का भी पर्दाफाश किया है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कृष्ण और सुदामा की मित्रता

(भाग 1)

जैसे ही द्वारकाधीश ने तीसरी मुट्ठी चावल उठा कर फाँक लगानी चाही, रुक्मिणी ने जल्दी से उनका हाथ पकड़ कर कहा-क्या भाभी के लाये इन स्वादिष्ट चावलों के स्वाद का सारा सुख अकेले ही उठाएंगे। स्वामी हमें भी तो ये सुख उठाने का अवसर दीजिये। द्वारकधीश के अधरों पर एक अर्थपूर्ण स्मित उपस्थित हो गयी। उन्होंने चावल वापस उसी पोटली में डाले और उसे उठाकर अपनी पटरानी को दे दिया।

सुदामा के साथ बातें करते हुए कब कृष्ण उनके पाँव दबाने लगे ये सुदामा को पता ही नहीं चला सुदामा सो चुके थे, किंतु कृष्ण अपनी ही सोच में मगन उनके पाँव दबाते हुए बचपन की बातें करते चले जा रहे थे कि तभी रुक्मिणी ने उनके कंधे पर हाथ रखा। कृष्ण ने चौंककर पहले उन्हें देखा और फिर सुदामा को फिर उनका आशय समझ कर वहाँ से उठकर अपने कक्ष में चले आये । कृष्ण की ऐसी मगन अवस्था देखकर रुक्मिणी ने पूछा- स्वामी आज आपका



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



व्यवहार बहुत ही विचित्र प्रतीत हो रहा है। आप जो इस संसार के बड़े से बड़े सम्राट के द्वारका आने पर उनसे तनिक भी प्रभावित नही होते हैं वो अपने मित्र के आगमन की सूचना पर इतने भावविह्वल हो गए कि भोजन छोड़कर नंगे पाँव उन्हें लेने के लिए भागते चले गए।

आप जिनको कोई भी दुख कष्ट या चुनौती कभी रुला नही पाई। यहाँ तक कि जो गोकुल छोड़ते समय मैया यशोदा के अश्रु देखकर भी नहीं रोये। वे अपने मित्र के जीर्ण शीर्ण घावों से भरे पाँवों को देखकर इतने भावुक हो गए कि अपने अश्रुओं से ही उनके पाँवों को धो दिया।

कूटनीति राजनीति और ज्ञान के शिखर पुरुष आप अपने मित्र को देखकर इतने मगन हो गए कि बिना कुछ भी विचार किये उन्हे समस्त त्रिलोक की संपदा एवं समृद्धि देने जा रहे थे। कृष्ण ने अपनी उसी आमोदित अवस्था में कहा वह मेरे बालपन का मित्र है रुक्मिणी।

परंतु उन्होंने तो बचपन में आपसे छुपाकर वो चने भी खाये थे जो गुरुमाता ने उन्हें आपस में बाँटकर खाने को कहे थे। अब ऐसे मित्र के लिए इतनी भावुकता क्यों सत्यभामा ने भी अपनी जिज्ञासा रखी। **(क्रमशः)**

सक्सेस मंत्र

# पैरेटो का 80/20 सिद्धांत भी ध्यान रखें

पैरेटो प्रिंसिपल में कहा जाता है कि 80 प्रतिशत नतीजे केवल 20 प्रतिशत प्रयासों से प्राप्त हो सकते हैं। यह सिद्धांत आज भी बहुत से लोगों के लिए सहायक सिद्ध होता है। हालांकि अपने जीवन में हम इस सिद्धांत को नजरअंदाज कर देते हैं। इस सिद्धांत को असरकारी तरीके से इस्तेमाल कर हम एक अच्छा जीवन जी सकते हैं। इस 80/20 के सिद्धांत को हम अपने करियर, संबंधों, स्वास्थ्य, आदतों, लक्ष्य प्राप्ति, उत्पादक क्षमता, भावों और संक्षेप में कहें तो प्रत्येक क्षेत्र में अपना सकते हैं। हम सम्पूर्ण में से 20 फीसदी महत्वपूर्ण चीजों को प्राथमिकता दे सकते हैं जिनसे के कि हमें 80 रिजल्ट प्राप्त होता है।

सबसे अच्छा यही होगा कि हमें अपने लक्ष्य की छोटी से बड़ी, सभी बातों का पता होना चाहिए। अब पहचानें कि 80/20 के सिद्धांत में कौन से लक्ष्य फिट बैठते हैं। ऐसे कुछ 20 प्रतिशत लक्ष्य भी होते हैं, जो आपको 80 प्रतिशत संतुष्टि या खुशी देते हैं। कई बार यह पहचानना भी जरूरी होता है कि आपका मंतव्य पूरा हो रहा है या नहीं। सबसे बड़ी सफलताएं कभी आसान नहीं होतीं। उनके पीछे कठोर परिश्रम और प्रयास होते हैं। हमारा मौजूदा जीवन भी हमारे प्रयासों का नतीजा होता है। यह हम पर ही निर्भर करता है कि उसमें और सुधार करें। जो भी हम कर रहे हैं या करना चाहते हैं, उसमें अपना श्रेष्ठतम संभव प्रयास करें।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# दोगुनी स्पीड से कम होगा जिद्दी मोटापा

## तेजी से घटाना है वजन तो सर्दियों में जरूर खाएं ये 5 फल

बढ़ता वजन आज बहुत कॉमन समस्या बन चुका है। हर घर में आपको एक ना एक मोटापे से परेशान इंसान तो जरूर दिख ही जाएगा। अधिकतर मामलों में हमारा खराब लाइफस्टाइल ही इसके पीछे जिम्मेदार होता है। हालांकि एक बार जो मोटापे ने अपने शिकंजे में घेर लिया तो इससे छुटकारा पाना बिल्कुल भी आसान नहीं और ये महाशय अकेले भी तो नहीं आते, अपने साथ ढेरों बीमारियां भी लाते हैं। सर्दियों में तो खासतौर से वजन तेजी से बढ़ता है क्योंकि इस दौरान एक तो क्रेविंग कंट्रोल करना जरा मुश्किल होता है और दूसरा फिजिकल एक्टिविटीज में भी तेजी से कमी आती है। ऐसे में अपनी डाइट का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। आज हम आपको कुछ सर्दियों में मिलने वाले ऐसे फलों के बारे में बताने वाले हैं जो आपकी वेट लॉस जर्नी में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं।



### अमरूद को बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा



सर्दियों में खासतौर से अमरूद बड़े ही चाव से खाए जाते हैं। अमरूद की चटनी, अमरूद की चटपटी चाट का लोग इन दिनों खूब आनंद लेते हैं। अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी में हैं तब तो आपको अमरूद को अपनी डाइट का मुख्य हिस्सा बना लेना चाहिए। अमरूद में कम कैलोरी होती हैं, साथ ही फाइबर की मात्रा ज्यादा होने के कारण ये पेट को ज्यादा लंबे समय तक भरे रखता है। इसके अलावा ये ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में भी मदद करता है। तेजी से वजन कम करने के लिए आप अमरूद पर काला नमक बुरक कर खा सकते हैं।

### वजन कम करने में मदद करेगा पपीता



पपीते को ब्यूटी एन्हांसिंग फ्रूट कहा जाए तो बिल्कुल ठीक ही होगा। क्योंकि स्किन हेल्थ, हेयर हेल्थ, नेल्स, गट हेल्थ और यहां तक कि वेट लॉस के लिए भी पपीता बहुत फायदेमंद है। पपीते में कैलोरी कम होने के साथ, विटामिन ए, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है। वजन कम करने के लिए आप रोजाना सुबह के नाश्ते में एक कटोरी पपीता खा सकते हैं, इससे आपका पाचन दुरुस्त रहेगा और फैट भी बर्न होगा।

### संतरे को करें अपनी डाइट में शामिल



स्वाद और सेहत का खजाना संतरा भी सर्दियों के मौसम में आपका वजन कम करने में मदद कर सकता है। विटामिन सी, फाइबर और पोटैशियम से भरपूर संतरा खाने की क्रेविंग को कंट्रोल करने में काफी मदद करता है। संतरे में मौजूद विटामिन सी मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और फैट बर्निंग के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। वेट लॉस के लिए सुबह या शाम कुछ संतरे अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

### नाशपाती भी है फायदेमंद



सर्दियों में वजन घटाने के लिए आप नाशपाती को भी अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। नाशपाती में बहुत ही कम मात्रा में कैलोरी होती हैं, साथ ही इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर और वॉटर कंटेंट होता है जो इसे वेट लॉस के लिए एक बहुत अच्छा ऑप्शन बनाता है। इसके साथ ही नाशपाती में ढेरों तरह के न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो आपके शरीर की ओवरऑल हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

### सेब से कंट्रोल करें बढ़ता वजन



सेहत के लिए सेब कितना फायदेमंद है ये तो आपने अपने बड़ों और डॉक्टर्स से कभी ना कभी सुना ही होगा। हालांकि ये छोटा सा लाल फल आपके बढ़ते मोटापे को कम करने में भी बहुत मददगार साबित हो सकता है। दअरसल सेब में कई पौष्टिक तत्वों के अलावा भरपूर मात्रा में फाइबर भी पाया जाता है, जो पेट को ज्यादा देर तक फुल रखता है। इससे आपकी ओवरइटिंग की आदत कम होती है। सेब के टुकड़ों पर जरा सी काली मिर्च बुरक कर रोजाना खाने से आपको वेट लॉस में काफी मदद मिल सकती है।

# रोज-रोज नहीं खाने चाहिए ये 4 ड्राई फ्रूट



शरीर को हेल्दी बनाए रखने के लिए खानपान का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। संपूर्ण पोषण के लिए रोजाना का थाली भर भोजन ही काफी नहीं होता, बल्कि हमें और भी एक्स्ट्रा चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना पड़ता है। ड्राई फ्रूट्स यानी सूखे मेवे इन्हीं में से एक हैं। हम सभी को बचपन से ये बताया जाता है कि ड्राई फ्रूट्स हमारी सेहत के लिए कितने फायदेमंद हैं इसलिए रोज मुट्ठी भर सूखे मेवे चबाए बिना हमारा दिन ही नहीं बनता। इस बात में पूरी सच्चाई है कि सूखे मेवे हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्व देने का काम करते हैं इसलिए कुछ ड्राई फ्रूट्स हमें रोजाना खाने भी चाहिए। हालांकि कुछ ऐसे ड्राई फ्रूट्स भी हैं जिन्हें रोजाना खाने से परहेज करना चाहिए। आइए आज उन्हीं के बारे में जानते हैं।

**फायदे की जगह सेहत को हो सकता है भारी नुकसान**

### रोज ना खाएं काजू

काजू एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जो लगभग सभी को पसंद आता है। यह खाने में तो टेस्टी होता ही है, साथ ही कई पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। यह शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद भी है लेकिन फिर भी एक सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। दरअसल काजू में भरपूर मात्रा में फैट और कैलोरी पाई जाती हैं। इसलिए रोज-रोज और अधिक मात्रा में काजू का सेवन करने से शरीर का वजन तेजी से बढ़ सकता है। इसके साथ ही ये शरीर के कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी प्रभावित कर सकता है, जिससे हार्ट पर भी बुरा इफेक्ट पड़ सकता है।

### सीमित मात्रा में खाएं ब्राजील नट

ब्राजील नट जिसे हिंदी में त्रिकोणफल के नाम से भी जाना जाता है, मुख्य रूप से साउथ अमेरिका में पाया जाता है। विटामिन और मिनरल से भरपूर ये ड्राई फ्रूट, सुपर फूड की तरह काम करता है। यह शरीर और दिमाग दोनों की सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करता है। हालांकि इस ड्राई फ्रूट को भी अधिक मात्रा में खाने से फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। दरअसल ब्राज़ील नट में भरपूर मात्रा में सेलेनियम पाया जाता है। ऐसे में इसे अधिक मात्रा में खाने से सेलेनियम टॉक्सिसिटी के साथ-साथ सिर दर्द, बदन दर्द और थकान की समस्या हो सकती है।

### हेजलनट

हार्ट की मजबूती से लेकर, शुगर कंट्रोल करने तक; हेजलनट को खाने के कई फायदे हैं। इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और शरीर की इम्युनिटी भी बूस्ट होती है। इतना फायदेमंद होने के बावजूद हेजलनट को सीमित मात्रा में ही खाना चाहिये। साथ ही इसे रोज-रोज खाने से भी बचना चाहिए। दरअसल हेजलनट में फैट और कैलोरी बहुत ही अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए इसे अधिक खाने से शरीर का वजन तो बढ़ सकता ही है, साथ ही हार्ट संबंधी बीमारियां का खतरा भी बढ़ सकता हैं।

### पाइन नट भी है लिस्ट में

रोज ना खाए जाने वाले ड्राई फ्रूट्स की लिस्ट में पाइन नट का भी नाम शामिल है। यूं तो पाइन नट शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जिसका उचित मात्रा में सेवन करने से लाभ मिलता है। हालांकि अगर इसे ज्यादा मात्रा में खाया जाए तो यह शरीर को लाभ पहुंचाने के बजाय, नुकसान भी पहुंचा सकता है। ये ड्राई फ्रूट भी फैट और कैलोरी से भरपूर होता है, जिसका अधिक सेवन करने से वजन बढ़ने की समस्या और कोलेस्ट्रॉल मैनेजमेंट में काफी परेशानी हो सकती है।

# क्रिसमस पार्टी के लिए ना खरीद लाएं बासी केक, ऐसे पहचाने फ्रेशनेस

क्रिसमस और न्यू ईयर नजदीक है। ऐसे में पार्टी और सेलिब्रेशन तो सब जगह होगा। घर से लेकर ऑफिस तक पार्टी होगी और केक जरूर कटेगा। लेकिन लास्ट ईयर की तरह बासी और बेस्वाद केक खरीदने की गलती ना करें। इन आसान तरीकों से आप फ्रेश केक की पहचान कर सकते हैं। बस जब भी केक खरीदने जाएं तो इन टिप्स को जरूर याद रखें।



### केक की सॉफ्टनेस से लगाएं अंदाजा

फ्रेश केक बिल्कुल सॉफ्ट और मुलायम दिखता है। केक जितना बासी होगा उतना ज्यादा हार्ड होता जाएगा। हवा और मॉइश्चर लगने के बाद ये टाइट दिखने लगता है।

### कलर दिखेगा फ्रेश

बेकरी की शॉप पर जैसे ही पहुंचते ही अक्सर किसी एक केक पर निगाह टिक जाती है। जो बिल्कुल सिंपल और कलरफुल ना होने के बावजूद शाइन करता हुआ दिखता है। दरअसल, वही केक फ्रेश होता है। क्योंकि फ्रेश केक की क्रीम बिल्कुल सॉफ्ट और फ्रेश कलर की दिखती है।

### केक की महक

फ्रेश केक की यमी महक से भी आप पहचान सकते हैं कि ये बिल्कुल फ्रेश है।

### ट्रस्टेड बेकरी से ही खरीदें

अगर आप पार्टी के लिए केक खरीदने वाले हैं तो हमेशा ट्रस्टेड बेकरी से ही खरीदें। साथ ही किसी भी तरह के ऑफर या सेल के चक्कर में ना पड़ें।

### केक की क्रीम पर डालें निगाह

अगर किसी केक की क्रीम स्मूद ना होकर क्रैक लिए होती है। तो इसका मतलब है कि ये पूरी तरह से बासी केक है। ऐसे केक को बिल्कुल ना खरीदें। आमतौर पर ऐसे केक दो दिन तक पुराने हो सकते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**वृष** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा।

**मिथुन** — दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** — भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे।

**सिंह** — घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कन्या** — यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक** — बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** — नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**मकर** — किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें।

**कुंभ** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन** — आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापारिक कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

# हथेली पर तिलों का क्या होता है फल?

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार किसी की भी हथेली पर पाए जाने वाले तिलों का अलग-अलग महत्व होता है। हथेली में विशेष जगह पाए जाने वाले तिल हमें यश और धन दिला सकते हैं तो कुछ खास जगह पर तिल हमें अपमान व संकट में भी ला सकते हैं। हथेली में हर अंगुली के मूल स्थान के नीचे पर्वत होते हैं। इसी प्रकार हथेली में अन्य स्थानों पर ग्रहानुसार पर्वत होते हैं। जानें-तिलों का अलग-अलग फलादेश-




### गुरु पर्वत पर तिल

अगर किसी व्यक्ति के गुरु पर्वत पर तिल हो तो यह उसकी आर्थिक समृद्धि को दर्शाता है। ऐसे लोगों के विवाह में कुछ अड़चनें आ सकती हैं लेकिन खास बात ये है कि इनके जीवन की परेशानियां वक्त के साथ टल भी जाती हैं।

### शनि पर्वत पर तिल

यदि शनि पर्वत पर तिल हो तो ऐसा व्यक्ति धनी होता है। इन लोगों को बिजली और आग से दूर ही रहना चाहिए। इनके जीवन में पैसे की कोई कमी नहीं होती है और ये अपना जीवन सुखी तरीके से जीते हैं।

### सूर्य पर्वत पर तिल

हथेली पर सूर्य पर्वत पर तिल होने का मतलब है कि उस व्यक्ति को अपने जीवन में कभी अपमान का सामना करना पड़ सकता है।



प्रियंका जैन
9769994439

### शुक्र पर्वत पर तिल

अगर किसी महिला या किसी पुरुष के शुक्र पर्वत पर तिल हो तो उसका अपने पति या पत्नी से विवाद रहता है। ऐसे लोगों को अपने वैवाहिक जीवन के बारे में निर्णय लेते समय बहुत ज्यादा सोच-विचार करना चाहिए। इन लोगों को वैवाहिक जीवन में संभलकर रहना चाहिए। यदि महिला या किसी पुरुष के शुक्र पर्वत पर तिल है तो उसका अपने पति या पत्नी से विवाद हो सकता है। ऐसे लोगों को अपने वैवाहिक जीवन के बारे में अधिक से अधिक विचार करना चाहिए।

### चंद्र पर्वत पर तिल

चंद्र पर्वत पर तिल होने ये वह व्यक्ति धनी होता है। ऐसे लोगों को विदेश जाने का भी मौका मिलता है।

### मंगल पर्वत पर तिल

हथेली पर दो जगह मंगल पर्वत होता है। एक जीवन रेखा की उत्पत्ति के स्थान पर होता है। जिन लोगों की हथेली पर इस जगह तिल होता है उनके सिर में चोट लगने का डर रहता है। ऐसे लोग स्वभाव से भी थोड़े सख्त होते हैं।

वहीं बुध के नीचे मंगल क्षेत्र में तिल हो तो उस व्यक्ति को संपत्ति की हानि होती है। इसका मतलब है कि मंगल पर्वत पर तिल होने से व्यक्ति को फायदे से ज्यादा नुकसान हो

# सर्द रातों में असहायों की सुध ले रही योगी सरकार

## बेसहारों को रैन बसेरे तक पहुंचा रहे अधिकारी

एजेंसी । गोरखपुर

शीतलहर और सर्द मौसम का सर्वाधिक प्रभाव निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब तबके पर पड़ता है। शहरी व कस्बाई क्षेत्र में तो कई ऐसे असहाय और गरीब होते हैं जिनके लिए ठंड भरी रातों में वक्त गुजारना मुश्किल होता है। विगत सालों की भांति एक बार फिर योगी सरकार ने सर्द रातों में असहायों की सुध लेने का अभियान शुरू किया है।

**सकारात्मक पहल**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा और स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान तले न सोये, उसे निकटतम रैन बसेरों में आश्रय दिया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश पर प्रशासन के अफसरों ने रात्रिकालीन निरीक्षण और भ्रमण का अभियान चलाकर खुले आसमान तले मिलने वाले गरीबों और असहायों को रैन बसेरों में सम्मानजनक तरीके से आश्रय देने की पहल की है।

**परिपत्र जारी**

ठंड के प्रतिकूल मौसम में गरीबों और निराश्रितों की सुविधा व सहूलियत के लिए मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए दिशानिर्देश के क्रम में प्रदेश के राहत आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को एक परिपत्र जारी कर कहा है कि शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये, उन्हें निकटतम रैन बसेरों में विस्थापित किया जाए। राहत आयुक्त के परिपत्र के अनुपालन में गोरखपुर जिला प्रशासन ने नगर मजिस्ट्रेट, सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट, सभी एसडीएम और सभी तहसीलदारों को रात्रिकालीन अभियान में जुटने को निर्देशित किया है। गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं आपदा के प्रभारी अधिकारी विनीत कुमार सिंह के मुताबिक बढ़ते शीतलहर को देखते हुए निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब व्यक्तियों/परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक है कि प्रतिदिन वृहद अभियान चलाकर सड़क किनारे सो रहे लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाया जाए। साथ ही पात्र व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध कराया जाए और पर्याप्त संख्या में अलाव की व्यवस्था की जाए।सीएम योगी की मंशा और इस निमित्त जारी राहत आयुक्त के निर्देश के अनुपालन में सड़क किनारे सोने वालों को रैन बसेरों में पहुंचाने, अलाव के इंतजाम देखने के लिए अफसरों ने सोमवार रात से भ्रमणशील रहते हुए निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसके तहत सोमवार रात सड़क किनारे सोते मिले कई व्यक्तियों को अधिकारियों ने निकट के रैन बसेरों में पहुंचाया। अधिकारियों ने रैन बसेरों में बिस्तर, कंबल की उपलब्धता और साफ सफाई का भी जायजा लिया।

### गोरखपुर नगरीय क्षेत्र में संचालित हैं 14 रैन बसेरे

गोरखपुर के नगरीय क्षेत्र में 14 रैन बसेरे संचालित हैं। इनमें से चार रैन बसेरों का 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण भी किया था। साथ ही उन्होंने तीन नए रैन बसेरे बनाने के भी निर्देश दिए थे। गोरखपुर शहर क्षेत्र के अलावा सभी नगर पंचायतों में भी एक-एक रैन बसेरे संचालित हैं।

**खबर संक्षेप**

## नए साल में पूर्वांचल वासियों को रेलवे का तोहफा

**वाराणसी।** मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को वाराणसी तक चलाए जाने की तैयारी है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से रूट का सर्वे भी करवाया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो नए साल में मेरठ-लखनऊ वंदे भारत को वाराणसी तक विस्तारित कर दिया जाएगा। वाराणसी-मेरठ के बीच सीधी सेवा की यह एकमात्र ट्रेन होगी। अभी तक वाराणसी-मेरठ के बीच सीधी सेवा वाराणसी समेत आसपास के जिलों से भी नहीं है। पीडीडीयूनगर स्टेशन, आजमगढ़ और गाजीपुर से भी सीधी सेवा नहीं है। ऐसे में वाराणसी समेत पूर्वांचल के यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा होगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड से सर्वे को हरी झंडी मिल चुकी है। सर्वे के तहत इसके ठहराव, रूट और समय, किराये को लेकर मंथन चल रहा है। 31 अगस्त से मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित है। हालांकि यह ट्रेन इस रूट पर यात्रियों की कमी से जूझ रही है। इसे देखते हुए ही रेलवे बोर्ड ने वाराणसी तक संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। बीच में जनप्रतिनिधियों ने भी वंदे भारत को वाराणसी तक जोड़ने की आवाज उठाई और रेल मंत्रालय तक पत्र भी भेजा है। अयोध्या में यार्ड रिमॉडलिंग को लेकर 18 से 31 दिसंबर तक वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस, वाराणसी-लखनऊ स्पेशल ट्रेन निरस्त और लखनऊ-पटना वंदे भारत समेत कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उत्तर रेल अधिकारियों के अनुसार 14235/14236 वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस 16 से 31 दिसंबर तक, 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ स्पेशल 17 दिसंबर से सात जनवरी तक निरस्त है। वहीं, 22445/22446 पटना-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस अब गोमती नगर के बजाय लखनऊ में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। दून एक्सप्रेस, गंगा सतलज, अमृतसर-तिनसुकिया एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी।

## नहीं जारी किया जाएगा सीजीएल परीक्षा का परिणाम

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बीते दिनों इस परीक्षा का परिणाम और डीवी के लिए चयनित अभ्यर्थियों की एक लिस्ट जारी की गई थी और कल यानी 16 दिसंबर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। इस बीच हाई कोर्ट में पेपर लीक मामले में सुनवाई थी जिसमें हाई कोर्ट ने ये आदेश दिया है कि इस परीक्षा का अंतिम परिणाम यानी मेरिट लिस्ट अगले आदेश तक जारी नहीं किया जाएगा। हालांकि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन अपने शेड्यूल अनुसार जारी रहेगा, इसपर किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई है। जेएसएससी सीजीएल मामले में हाई कोर्ट ने सिर्फ फाइनल मेरिट लिस्ट जारी करने पर रोक लगाई है, बाकी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया दिए गए शेड्यूल अनुसार जारी रहेगी। डीवी की प्रक्रिया कल 16 दिसंबर से शुरू हुई है और 20 दिसंबर तक चलेगी।

# आजमगढ़ में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## साथी अधिवक्ता का नाम कुंटू गिरोह से जोड़कर गैंगस्टर की कार्रवाई को लेकर भड़के



एजेंसी । आजमगढ़

आजमगढ़ जिले में दीवानी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मंगलवार को सड़क पर उतरे। अधिवक्ताओं ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने साथी अधिवक्ता का नाम कुंटू गिरोह के साथ जोड़कर उन पर गैंगस्टर लगाए जाने का आरोप लगाया।

### ये है पूरा मामला

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी अधिवक्ता सरफराज अहमद पर पुलिस द्वारा की जा रही गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई से नाराज दीवानी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सड़क पर उतरे और चक्काजाम कर दिया। लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम करने के बाद अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि गांव की राजनीति में उनके साथी अधिवक्ता सरफराज अहमद को फंसाया जा रहा है। गांव के प्रधान द्वारा उनके खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया जाता है। जिसे लेकर पुलिस द्वारा उन पर एफआईआर दर्ज की गई और उनका नाम कुंटू सिंह गिरोह के साथ जोड़कर गैंगस्टर लगाया जा रहा है।

### केस वापस नहीं लिया तो करेंगे हड़ताल

अधिवक्ताओं का कहना है कि अगर पुलिस और प्रशासन ने केस वापस नहीं लेता है तो हड़ताल करेंगे। अधिवक्ताओं के चक्काजाम की सूचना मिलते ही सीओ सिटी गौरव शर्मा मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से इस संबंध में बात की। वहीं आधे घंटे बाद अधिवक्ताओं ने चक्काजाम को समाप्त किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।

# पारा शिक्षक नेता सोनू सरदार हत्याकांड का खुलासा

## हथियार के साथ पांच आरोपी अरेस्ट

एजेंसी । सरायकेला

सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के बड़डीह गांव में पारा शिक्षक नेता सह मुखिया पति सोनू सरदार की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पिस्तौल के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आशीष गोराई, विश्वजीत नायक, अनिल सरदार उर्फ गोंदो, आनंद दास और सूरज मार्डी को पुलिस ने दबोच लिया है, जबकि मास्टरमाइंड बीरबल सरदार और लखीचरण नायक फरार हैं। स्थानीय पुलिस कार्यालय में एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये जानकारी दी। मौके पर एसडीपीओ समीर संवैया, गम्हरिया थाना प्रभारी राजू समेत अन्य उपस्थित थे।

### बर्थडे पार्टी से लौटने के दौरान की गयी थी हत्या



सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि 13 दिसंबर की रात में बर्थडे पार्टी से लौट रहे पारा शिक्षक नेता सह यशपुर पंचायत की मुखिया पावर्ती सरदार के पति सोनू सरदार की हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए एसआईटी का गठन किया था और हत्या में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जमीन कब्जाने समेत अन्य अवैध कार्य करना चाहते थे। सोनू सरदार उसका विरोध करते थे। इसी वजह से उनकी हत्या कर दी गयी। स्कूटी, दो मोटरसाइकिल, पिस्तौल, लोडेड देसी कट्टा और जिंदा गोली समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

### आशीष गोराई का रहा है आपराधिक इतिहास

एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने जानकारी दी कि सोनू सरदार हत्याकांड में शामिल आशीष गोराई का आपराधिक इतिहास रहा है। गम्हरिया थाना क्षेत्र में मारपीट और चोरी जैसे मामलों में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ समीर कुमार संवैया, थाना प्रभारी राजू, राजीव कुमार सिंह, विनय कुमार, सुनील कुमार सिंह, अरुण कुमार महतो, विपुल ओझा, धीरंजन कुमार और रोपना राम कांशी सहित अन्य शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश के बाद बिहार में 'बुलडोजर'

**पूर्वी चंपारण।** बिहार पुलिस का अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैये का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार के निर्देश पर पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) में पुलिस ने फरार टॉप-100 अपराधियों के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस ने मंगलवार को जेसीबी और अन्य उपकरणों के साथ इन अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की-जब्ती अभियान चलाया। इस कार्रवाई का नेतृत्व खुद पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात कर रहे हैं। पुलिस को देखकर अपराधियों में हड़कंप मच गया। कई अपराधियों ने डर के मारे घुटने टेक दिए और आत्मसमर्पण कर दिया। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के धवही गांव के डकैती कांड के मुख्य आरोपी छोटेलाल राय ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके अलावा छौड़ादानो थाना क्षेत्र के भेलवा गांव के महतो और सुभाष सहनी ने भी कुर्की की कार्रवाई के डर से आत्मसमर्पण किया है।

# गबन के दोषी पाए गए एपीओ की सेवा समाप्त

## फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन के हड़पने का था आरोप

एजेंसी । बलिया

फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन के गबन में दोषी पाए गए मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी(एपीओ) संजय कृष्ण भास्कर की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। विकासखंड मुरली छपरा के सुकरौली गांव में मनरेगा योजना अंतर्गत 2.90 लाख का गबन मिलने के बाद सीडीओ ओजस्वी राज ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा सीडीओ ने दो फर्मों को ब्लैक लिस्टेड भी किया है। जिले में मनरेगा एपीओ की सेवा समाप्ति की यह पहली कार्रवाई है। सुकरौली निवासी कृष्ण यादव पुत्र सुरेंद्र यादव ने मनरेगा योजना अंतर्गत फर्जी भुगतान की शिकायत की, जिसकी जांच के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। सीडीओ ओजस्वी राज ने प्रकरण की स्वयं जांच की, जिसमें 2.90 लाख का गबन पाया। मामले में दोषी पाए गए एपीओ संजय कृष्ण भास्कर की सेवा समाप्त कर दी गई है।




### दो फर्म हुई ब्लैकलिस्टेड

सीडीओ ओजस्वी राज ने दलकी नम्बर-1 में दो कार्यों, इब्राहिमाबाद उपरवार में दो कार्यों और सुकरौली गांव में चार कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। इसमें इब्राहिमाबाद उपरवार में तो कार्य संतोष जनक पाया गया, लेकिन शेष दोनों गांवों में कुल छह कार्यों की सामग्रियों की गुणवत्ता तकनीकी समिति (पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) के मानक अनुसार संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सामग्रियों की आपूर्ति करने वाली फर्म मेसर्स अनन्या इंटरप्राइजेज सुकरौली तथा मेसर्स कार्तिक इंटरप्राइजेज सुकरौली को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्देश पर मनरेगा वेबसाइट पर ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। सीडीओ ओजस्वी राज की माने तो ग्रामीणों द्वारा मनरेगा कार्यों में अनियमितता की शिकायत हुई थी। मामले की जांच के दौरान मनरेगा के एपीओ गबन के दोषी पाए गए। साथ दो फर्मों द्वारा सामग्री की आपूर्ति मानक के विपरीत करने की बात सामने आई। इस संबंध में एपीओ की सेवा समाप्ति के साथ ही दोनों फर्मों को काली सूची में डाल दिया गया है। मनरेगा में धांधली करने को किसी कीमत में बक्शा नहीं जाएगा।

# जामताड़ा के राइस मिल में जिला प्रशासन का छापा

## बांग्लादेश चावल सप्लाई करने का आरोप

एजेंसी । जामताड़ा

जामताड़ा थाना क्षेत्र के बेना स्थित रामेश्वरा राइस मिल में जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान प्रशासन ने अवैध रूप से रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश के बोरे में चावल पैक करते हुए पकड़ा है। आरोप है कि चावल के बोरे को बंग्लादेश सप्लाई करने की तैयारी चल रही थी। डीसी कुमुद सहाय के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर, डीसीओ सुजीत कुमार, सीओ सह एमओ अबिश्वर मुर्मू सहित अन्य पुलिस बल की टीम ने राइस मिल में कार्रवाई की। जामताड़ा के राइस मिल में छापेमारी के दौरान बांग्लादेश के चावल का बोरा बरामद किया गया है, जिसके बाद राइस मिल को सील करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिला प्रशासन की यह कार्रवाई अवैध चावल के व्यापार और स्थानीय बाजार में मिलावटी चावल की आपूर्ति को रोकने के लिए की गई है।






# चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 81,000 के नीचे लुढ़का

एजेंसी । मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,064 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,500 अंक से नीचे आ गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच चौरतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 1,064.12 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 81,000 के नीचे 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,136.37 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई के कुल 2,442 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,576 शेयर लाभ में रहे। वहीं 89 शेयरों के भाव यथावत रहे। निफ्टी भी 332.25 अंक की गिरावट के साथ 24,336 अंक पर बंद हुआ।



### निराशा का माहौल रहा

बाजार के जानकारों ने कहा, प्रमुख ब्याज दर पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड के फैसलों से पहले निराशा का माहौल रहा। बाजार पहले ही फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती मानकर चल रहा है। हालांकि, वह किसी प्रकार के आक्रामक रुख को लेकर सतर्क भी है। बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड के नीतिगत दर को यथावत रखने की संभावना है। उन्होंने कहा, इसके साथ डॉलर के मुकाबले रुपये के अबतक के निचले स्तर पर आने और ऊंचे व्यापार घाटे से भी बाजार पर दबाव रहा।"

# व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर घट सकती है जीएसटी दर

एजेंसी । नई दिल्ली

व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा कराने वाले लोगों का सालाना प्रीमियम कम हो सकता है। आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर दरों को कम किए जाने की संभावना है। इसमें किसी एक व्यक्ति के नाम पर कराए गए स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी की दर को मौजूदा 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी किया जा सकता है। इसके साथ ही, पांच लाख तक का सालाना कवर वाले स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी की दर को कम किए जाने का प्रस्ताव है। सूत्रों का कहना है कि मंत्री-समूह की तरफ से प्रस्ताव दिया गया है कि अगर कोई एकल श्रेणी में स्वास्थ्य बीमा कराया गया है तो उसे पांच फीसदी जीएसटी के स्लैब में शामिल किया जाए लेकिन ऐसे बीमा पर पांच फीसदी जीएसटी देने के बाद आयकर रिटर्न के दौरान छूट का लाभ नहीं मिलेगी। दरअसल, स्वास्थ्य बीमा दो श्रेणी में आता है। पहला वह बीमा होता है, जिसमें एक व्यक्ति शामिल होता है। दूसरे में परिवार के बाकी सदस्यों को भी शामिल किया जाता है, जिसे ग्रुप इंश्योरेंस कहा जाता है। अब एकल बीमा पर जीएसटी को कम करने का सुझाव है।

### जीवन बीमा पॉलिसी पर भी जीएसटी की दरों को कम करने का सुझाव




उधर, मंत्री-समूह ने जीवन बीमा पॉलिसी पर भी जीएसटी की दरों को कम करने का भी सुझाव दिया है लेकिन कितना कम करने का सुझाव दिया है, इसको लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा को किफायती बनाए जाने की सिफारिश की गई है। इसमें बुजुर्गों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दर को 18 से घटाकर पांच फीसदी किए जाने का भी सुझाव है। समूह के प्रस्तावों पर अंतिम मोहर 21 दिसंबर को होने वाली परिषद की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद ही लगेगी।

### 35 फीसदी जीएसटी की स्लैब पर अभी कोई फैसला नहीं

बीते काफी दिनों से चर्चा है कि सरकार विलासिता की वस्तुओं और सिगरेट, तंबाकू जैसे हानिकारक उत्पादों पर 35 फीसदी की दर से जीएसटी लगाने के लिए नया स्लैब लेकर आ रही है। इसको लेकर मंत्री-समूह की तरफ से सिफारिश की गई है लेकिन बीते दिनों वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट किया कि 35 फीसदी के स्लैब को लेकर अभी कोई चर्चा नहीं है और न ही ऐसे किसी स्लैब का प्रस्ताव अभी तक जीएसटी परिषद को मिला है।

## सोना 950 रुपये चढ़ा, चांदी टूटी

एजेंसी । नई दिल्ली



शादी-विवाह के सीजन की मांग को पूरा करने के लिए आभूषण विक्रेताओं की मौजूदा स्तर पर ताजा लिवाली से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में उछाल आया और यह 950 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 1,000 रुपये घटकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## रुपया एक पैसे की तेजी के साथ बंद

एजेंसी । मुंबई

रुपया सोमवार को एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.90 (अस्थायी) पर लगभग अपरिवर्तित रुख के साथ बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अर्थव्यवस्था में मंदी तथा आयातकों व विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की अधिक मांग के कारण रुपये के दवाब में रहने की आशंका है। घरेलू बाजारों में नरमी का असर भी स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.89 प्रति डॉलर पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 84.93 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर को छूआ। अंत में यह एक पैसे की बढ़त के साथ 84.90 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

## ITC लिमिटेड से अलग हो जाएगा ITC होटल्स लिमिटेड

**1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा डीमर्जर**

**जून में 99.6% शेयरहोल्डर्स ने पक्ष में वोट किया**

एजेंसी । मुंबई

सिगरेट से लेकर साबुन जैसी डेली यूज प्रोडक्ट्स बनाने वाली FMCG कंपनी ITC लिमिटेड से उसके होटल बिजनेस का डिमर्जर फाइनल हो गया है। यह 1 जनवरी 2025 से प्रभावी हो जाएगा। कंपनी ने आज यानी मंगलवार (17 दिसंबर) को एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) की कोलकाता बेंच ने अक्टूबर 2024 में ITC लिमिटेड, ITC होटल्स लिमिटेड और उनके शेयरधारकों के बीच इस डील को मंजूरी दे दी थी। इसी साल जून में ITC लिमिटेड के शेयरहोल्डर्स ने डीमर्जर के फैसले पर वोटिंग की थी। तब 99.6% शेयरहोल्डर्स ने डीमर्जर के पक्ष में मतदान किया, जबकि महज 0.4% ने इसके खिलाफ मतदान किया।



### डीमर्जर के बाद होटल में ITC 40% हिस्सेदारी रखेगी

डीमर्जर के बाद होटल बिजनेस में ITC 40% हिस्सेदारी रखेगी। बाकी 60% हिस्सेदारी शेयरहोल्डर्स के पास होगी। ITC ने पिछले साल जुलाई में डीमर्जर योजना की घोषणा की थी और बाद में कहा था कि नई यूनिट को 15 महीनों में लिस्टेड किया जाएगा।

## सोने के आभूषणों की खपत 14-18 प्रतिशत बढ़ेगी

एजेंसी । मुंबई



घरेलू स्वर्ण आभूषण की खपत में मूल्य के लिहाज से वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 14-18 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा ने अपनी रिपोर्ट में कहा, वित्त वर्ष 2024-25 में मूल्य के संदर्भ में स्वर्ण आभूषणों की खपत में 14-18 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 में सोने के आभूषणों की खपत में 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, हालांकि मात्रा में वृद्धि धीमी रही। रिपोर्ट के अनुसार, सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा लेकिन उपभोक्ता भावनाओं में सुधार और त्योहारी मांग ने हाल के महीनों में खपत में वृद्धि को बढ़ावा दिया।

## टाटा मोटर्स को मिला 1,297 बस चेसिस का ऑर्डर

एजेंसी । नई दिल्ली




टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) से 1,297 बस चेसिस का ऑर्डर मिला है। टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि यह उसे यूपीएसआरटीसी से एक साल में मिला तीसरा ऑर्डर है। इस तरह उसे कुल 3,500 इकाइयों से अधिक का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बताया कि यह ऑर्डर प्रतिस्पर्धी ई-बोली प्रक्रिया के जरिये हासिल किया गया और बस चेसिस की पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के तहत चरणबद्ध रूप से आपूर्ति की जाएगी।

# पुछल्ले बल्लेबाजों ने बचाया फॉलोआन

- जसप्रीत और आकाश दसवें विकेट के लिए अटूट 39 रन जोड़ चुके हैं
- जडेजा और राहुल ने खेली अर्धशतकीय पारियां
- भारत अब भी 193 रन से पीछे

एजेंसी । ब्रिस्बेन

गेंद के बाद जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को बल्ले से भी दम दिखाया। उन्होंने आकाश दीप के साथ दसवें विकेट के लिए अटूट 39 रन जोड़कर टीम इंडिया को न सिर्फ फॉलोआन से बचाया बल्कि मुकाबले को ड्रॉ की ओर भी मोड़कर कंगारुओं की जीत की उम्मीदों को भी बड़ा झटका दिया। ये दोनों तब साथ आए जब जडेजा को कमिंस ने आउट कर दिया था और भारत का स्कोर नौ विकेट पर 213 रन था और फॉलोआन टालने के लिए 33 रन चाहिए थे।

बारिश से बाधित इस मुकाबले में अब सिर्फ एक दिन का खेल बचा है। ऑस्ट्रेलिया को अब दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरना होगा। मौसम को देखते हुए मैच का कोई नतीजा निकलता नहीं दिखता। बुधवार को भी बारिश की संभावना जताई गई है। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त किए जाने तक भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तीसरे टेस्ट के चौथे दिन नौ विकेट पर 252 रन बना लिए थे। बुमराह 10 और आकाश 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। दसवें नंबर पर उतरे बुमराह और 11वें नंबर पर आए आकाश की तारीफ करनी होगी जिन्होंने टीम को फॉलोआन के स्कोर 246 रन के पार पहुंचाया।

### जडेजा का 22वां अर्धशतक

अश्विन और सुंदर पर जडेजा को तरजीह दिए जाने पर कइयों ने सवाल उठाए थे लेकिन इस हरफनमौला ने अपनी उपयोगिता साबित कर दी। उन्होंने 22वां अर्धशतक 89 गेंद में पूरा किया। नीतिश ने उनका बखूबी साथ देते हुए विकेट बचाकर रक्षात्मक खेल दिखाया। वह बदकिस्मत रहे कि कमिंस की उछाल लेती गेंद उनके स्टम्प पर जा लगी। जडेजा ने 123 गेंदों की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया।




### नंबर गेम

- 84 रन की पारी खेली केएल ने 139 गेंदों में आठ चौकों की मदद से
- 3 छक्के भारतीय बल्लेबाज लगा चुके हैं। इतने ही ऑस्ट्रेलिया की पारी में लगे थे
- 77 रन ने बनाए जडेजा ने 123 गेंद में सात चौकों और एक छक्के से

### जडेजा-राहुल के अर्धशतक

भारत ने सुबह चार विकेट पर 51 रन से पारी आगे बढ़ाई। भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारूपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे। राहुल (84) ने जडेजा (77) के साथ छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़कर स्कोर 150 के करीब पहुंचाया। इसके बाद जडेजा ने नितिश रेड्डी (16) के साथ सातवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। जडेजा की पारी का अंत कमिंस ने मार्श के हाथों कैच करवाकर लिया। वह नौवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए तक स्कोर 213 रन था।

### राहुल को मिला जीवनदान

राहुल भाग्यशाली रहे जिन्हें दिन की पहली गेंद पर दूसरी स्लिप में स्मिथ से जीवनदान मिला जबकि कमिंस गेंदबाज थे। उस समय राहुल 33 रन पर थे। ऑस्ट्रेलिया ने उनके लिए तीन स्लिप और एक गली फील्डर लगाया था ताकि राहुल को गलती करने पर मजबूर कर सके। लेकिन राहुल ने ढीली गेंदों का इंतजार किया और कोई जोखिम नहीं उठाया। कमिंस ने उन्हें आफ स्टम्प के बाहर भी गेंदें डाली जिन्हें या तो उन्होंने छोड़ दिया या रक्षात्मक खेला। ऐसा लग रहा था मानो वह चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी के वीडियो देखकर आए हैं कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को कैसे थकाना है। कप्तान रोहित (10) एक बार फिर नाकाम रहे। उन्होंने आफ स्टम्प पर पड़ती कमिंस की गेंद पर बल्ला अड़ाया और विकेट के पीछे कैरी ने उन्हें चपलता से चलता कर दिया।

### वैल्यू एडीशन

#### गाबा में सबसे बड़ी साझेदारी

बुमराह और आकाश की यह गाबा में दसवें विकेट के लिए भारत की और से सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने मनोज प्रभाकर और जवागल श्रीनाथ (33 रन, 1991) का 33 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। यही नहीं यह भारत की विदेशी सरजमीं पर 2020 के बाद दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

#### आकाश दूसरे भारतीय बल्लेबाज

आकाश का यह स्कोर ऑस्ट्रेलिया में 11वें नंबर के भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। 1985 में शिवलाल यादव ने 41 रन की पारी खेली थी। आकाश ने इशांत शर्मा (23 रन, 2008) को पीछे छोड़ा। वहीं यह गाबा में 11वें नंबर पर किसी विदेश का सबसे बड़ा जबकि कुल तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उनसे आगे ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्ग्रा (61) और जोश हेजलवुड (32 नाबाद) ही हैं।



#### कमिंस ने सोबर्स और विटोरी को पछाड़ा



पैट कमिंस कप्तान के रूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। उनके 119 विकेट हो गए हैं। उन्होंने विंडीज के दिग्गज गैरी सोबर्स (117) और न्यूजीलैंड के डेनिएल विटोरी (116) को पीछे छोड़ दिया। अब उनसे आगे पाकिस्तान के इमरान खान (187) और ऑस्ट्रेलिया के रिची (138) ही हैं।

## चोट के कारण सीरीज से बाहर रह सकते हैं



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को तीसरे टेस्ट के दौरान दाहिनी पिंडली में लगी चोट के कारण भारत के खिलाफ बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। चोट के कारण हेजलवुड गाबा टेस्ट में अब आगे नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा, हेजलवुड की दाहिनी पिंडली में खिंचाव आ गया है जिससे वह भारत के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट में आगे नहीं खेल पाएंगे। उन्हें टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। हेजलवुड चौथे दिन एक ही ओवर डाल पाए थे जब उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने मैदान से बाहर जाने से पहले कप्तान कमिंस, स्मिथ और फिजियो निक जोनेस से बात की। वह बाजू में खिंचाव के कारण एडिलेड में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे थे। हेजलवुड की जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने ली जो एडिलेड में खेले थे।

### न्यूज ब्रीफ

#### उथप्पा एसए 20 के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे



**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2007 टी-20 विश्व कप के विजेता सदस्य रॉबिन उथप्पा नौ जनवरी से शुरू हो रहे बेतवे एसए 20 लीग के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे। नौ जनवरी से आठ फरवरी तक चलने वाली इस टी-20 लीग का सीधा प्रसारण भारत में वायकॉम 18 के चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्स 18 और जियो सिनेमा पर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार उथप्पा के साथ कमेंट्री टीम में महान बल्लेबाज केविन पीटरसन, शॉन पोलाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रेस मौरिस भी होंगे। इनके अलावा आक्रामक बल्लेबाज एबी डीविलियर्स और मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर एम एमबांग्वा भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।

#### फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव में 500 शामिल हुए



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को झंडी दिखाई। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए। युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया पहल, भारतीय साइकिलिंग महासंघ, 'एमवाई भारत और विभिन्न खेल प्राधिकरणों के सहयोग से पूरे देश में इस कार्यक्रम का 1,000 से अधिक स्थान पर एक साथ आयोजन हुआ। साइकिलिंग प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) के साथ-साथ देश भर के खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में एक साथ आयोजित की गई। इसमें 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

# न्यूजीलैंड ने अंग्रेजों को क्लीन स्वीप से रोका



- 423 रन से तीसरा टेस्ट जीत कीवियों ने अपनी सबसे बड़ी जीत की बराबरी की
- 125 रन बनाने के साथ ही सात विकेट लेने वाले सेंटनर बने प्लेयर ऑफ द मैच

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम टेस्ट मुकाबले के चौथे ही दिन इंग्लैंड को 423 रन से धोकर क्लीन स्वीप की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यह कीवियों की टेस्ट में संयुक्त सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले दिसंबर 2018 में क्राइस्टचर्च में श्रीलंका को इसी अंतर से मात दी थी। इंग्लैंड की टीम जीत के लिए मिले 658 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए 47.2 ओवर में 234 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने सीरीज 2-1 से जीती। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट आठ विकेट से और दूसरा 323 रन से जीता था। इंग्लैंड ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 18 रन से आगे बढ़ाई। जो रूट (54) और जैकब बेथेल (76) ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। लग रहा था कि दोनों टिककर मैच को ड्रॉ की ओर ले जाएंगे। लेकिन बैजबॉल (आक्रामक क्रिकेट) के इंग्लैंड क्रिकेट के दौर में टिककर रक्षात्मक खेलने की रणनीति शामिल ही नहीं है। इन दोनों के आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं पाया। गुस एटकिंसन ने 43 और ओली पोप ने 17 रन का योगदान दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाली न्यूजीलैंड टीम ने दूसरी पारी में 453 रन बनाए थे। हैरी ब्रूक को पहले दो टेस्ट में शतकों के कारण प्लेयर

### स्टोक्स नहीं उतरे बल्लेबाजी करने

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। इंग्लैंड को इसका भी खामियाजा भुगतना पड़ा। स्टोक्स को तीसरे दिन ही गेंदबाजी के दौरान बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और वह फील्डिंग नहीं कर सके।

### पहली टीम

न्यूजीलैंड एक ही सीरीज में पहला टेस्ट 300 या उससे अधिक अंतर हारने के बाद अगला मैच 300 या उससे अधिक रन से जीतने वाली पहली टीम बनी। उसे वेलिंगटन में दूसरे मुकाबले में 323 रन से हार मिली थी।

### 400 प्लस से हार

इंग्लैंड की टीम एक कैलेंडर वर्ष में 400 या उससे अधिक अंतर से दो मैच हारने वाली पहली टीम है। इससे पहले उसे फरवरी में राजकोट में टीम इंडिया से 434 से मात मिली थी।

### 12 साल से अजेय

कीवी पिछले 12 साल से सेडॉन पार्क में अजेय हैं। उसे यहां 2012 में दक्षिण अफ्रीका के हाथों हार मिली थी। उसके बाद से दस मैच खेले जिसमें से आठ जीते और दो ड्रॉ रहे।

### विटोरी के बाद सेंटनर

मिचेल सेंटनर पिछले 14 साल में एक टेस्ट की दोनों पारियों में 40 प्लस रन बनाने के साथ ही तीन–तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहली पारी में 76 रन बनाने के बाद तीन विकेट लिए तो दूसरी में 49 रन बनाने के बाद चार विकेट चटकाए। इससे पहले 2008 में न्यूजीलैंड के लिए डेनिएल विटोरी ने 2008 में चटग्राम में बांग्लादेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

### रूट ने मियांदाद को पछाड़ा

जो रूट न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। वह 40 पारियों में 53 .47 की औसत से 1925 रन बना चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के जावेद मियांदाद (29 पारियां, 1919 रन, 79 .95 औसत) को पीछे छोड़ा। भारत के राहुल द्रविड़ (28 पारियां, 1659 रन) तीसरे और सचिन तेंदुलकर (39 पारियां, 1595 रन) चौथे नंबर पर हैं।

### दूसरे बल्लेबाज

रूट (2846) भारत के खिलाफ भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह दो टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी हैं। वह श्रीलंका के कुमार संगकारा (पाकिस्तान, 2911) और (पाकिस्तान, 1816) के क्लब में शामिल हो गए हैं।

# 'डकैत' से कटा श्रुति हासन का पत्ता



अभिनेता अदिवी शेष ने 17 दिसंबर को अपना 40वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी आगामी फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कहानी' से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। दरअसल, अदिवी की अगली फिल्म 'डकैत' में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर बतौर लीड हीरोइन शामिल हो गई हैं और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इसी के साथ 'डकैत' से श्रुति हासन का पत्ता कट गया है। मृणाल से पहले 'डकैत' के लिए श्रुति को चुना गया था। फिल्म से उनकी पहली झलक भी सामने आ चुकी थी। उन्होंने 40% इस फिल्म की शूटिंग भी कर ली थी, लेकिन आगामी परियाजनाओं के चलते श्रुति ने 'डकैत' से किनारा कर लिया। अब फिल्म में अदिवी की प्रेमिका का किरदार मृणाल निभाएंगी। फिल्म से अभिनेत्री की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह अदिवी के साथ नजर आ रही है। पोस्टर में उनका धांसू अवतार दिख रहा है।

# स्टंट करते चोटिल हुए प्रभास



अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब खबर है कि फिल्म के लिए स्टंट करते समय प्रभास हाल ही में एक हादसे का शिकार हो गए। उनके टखना पर चोट लगी है। सेट पर तुरंत डॉक्टर को बुलाया गया और उन्हें कुछ समय आराम करने की सलाह दी गई। प्रभास ने अपने आगामी कार्यक्रम टाल दिए हैं और उन्होंने अपने प्रशंसकों से माफी भी मांगी है। आइए कारण बताते हैं। दरअसल, 3 जनवरी, 2025 को प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 AD' को जापान में रिलीज किया जाएगा। ऐसे में अभिनेता जल्द ही प्रचार के सिलसिले में जापान के लिए रवाना होने वाले थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्होंने अपने इस दौरे को टाल दिया है। प्रभास ने आधिकारिक बयान जारी कर अपने प्रशंसकों से माफी मांगी है। अब फैंस उनके जल्दी ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# अल्लू अर्जुन फिर मुश्किल में



### भगदड़ मामले में पुलिस खटखटाएगी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन हैदराबाद के संध्या थिएटर भगदड़ मामले में जेल से रिहा हो गए हैं। दरअसल, उन्हें 13 दिसंबर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। बाद में तेलंगाना हाई कोर्ट ने अल्लू को जमानत दे दी थी। अब खबर आ रही है कि अल्लू एक बार फिर से मुश्किल में फंस सकते हैं। आइए आपको पूरा मामला बताते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, संध्या थिएटर के बाहर हुई एक महिला की मौत के मामले में तेलंगाना पुलिस अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है। इस मामले में पुलिस अल्लू को दी गई अंतरिम जमानत को चुनौती दे सकती है। बता दें कि अल्लू को तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा 4 सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी गई है। 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में हुई 35 वर्षीय महिला की मौत के बाद पुलिस ने अल्लू और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसके बाद 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें थिएटर मालिक भी शामिल था।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### एयर इंडिया के केबिन क्रू सदस्य पर 1.7 KG सोने की तस्करी का आरोप

**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे पर एक यात्री को 1.7 किलोग्राम 24 कैरेट सोने की तस्करी में मदद करने के आरोप में एयर इंडिया के एक केबिन क्रू सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी है। जानकारी के मुताबिक केबिन क्रू सदस्य और यात्री को रविवार को दुबई से एयर इंडिया के विमान से चेन्नई पहुंचे इसके बाद अधिकारियों ने दोनों को रोका और जांच की। इस मामले को लेकर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यात्री ने फ्लाइट के अंदर केबिन क्रू सदस्य को सोना सौंपने की बात स्वीकार की है। इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा कि तलाशी के दौरान केबिन क्रू के अंडरगारमेंट्स में छिपाकर रखे गए मिश्रित रूप में सोना बरामद हुआ। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एयर इंडिया ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत में जुटे ASI कर्मचारी

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने मंगलवार को ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। रत्न भंडार को करीब 46 साल बाद गत जुलाई में खोला गया था। एएसआई के मुताबिक, उसकी टीम मंदिर की पवित्रता का पूरा ख्याल रख रही है। एएसआई कर्मचारी सेवादारों की तरह पारंपरिक पोशाक पहनकर ही रत्न भंडार में दाखिल हो रहे हैं। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने बताया कि मरम्मत का काम दोपहर करीब एक बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। उन्होंने बताया, एएसआई ने जीर्णोद्धार का काम तीन माह में पूरा कर लेने का भरोसा दिलाया है लेकिन हमने उनसे इसमें तेजी लाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि दूसरे भोग मंडप (दोपहर साढ़े 12 बजे का अनुष्ठान) सम्पन्न होने के बाद ही काम शुरू होगा और पांच-छह घटे चलेगा।

### मणिपुर को दहलाने की साजिश नाकाम, भारी मात्रा में आईईडी बरामद

**इंफाल।** भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त अभियान में उग्रवादियों द्वारा मणिपुर को दहलाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। एक संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में आईईडी बरामद की है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले के मापीथेल रिज क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 21.5 किलोग्राम वजनी पांच आईईडी बरामद किए। इस अभियान में विस्फोटक पहचानने वाले कुत्ते 'एवा' और सेना की बम निष्क्रियकरण दस्ते ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है: शाह

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा, 'कांग्रेस आरक्षण की 50% सीमा बढ़ाकर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। दोनों सदन में जब तक बीजेपी का एक भी सदस्य है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे, ये संविधान विरोधी है। शाह ने यह बात राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान की। उन्होंने डेढ़ घंटे की स्पीच में कहा, 'संविधान का सम्मान सिर्फ बातों में नहीं, काम में भी होना चाहिए।'

# ED के एक्शन से भर गया बैंकों का खजाना, खातों में ट्रांसफर हुए 22280 करोड़ रुपए

## वित्त मंत्री ने कहा काले धन पर जारी रहेगी कार्रवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में कहा कि आर्थिक अपराध के खिलाफ सरकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी की मेहनत और वर्ष 2015 में लाए गए काला धन कानून (बीएमए) का असर पूरी तरह से दिखने लगा है।

पूरक अनुदान मांग पर संसद में अपने जवाब के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि ईडी ने आर्थिक अपराधियों की संपदा नीलामी व अन्य कार्रवाई की मदद से 22,280 करोड़ रुपए बैंक एवं अन्य पीडित्त पक्ष को वापस दिलाए हैं। विजय माल्या की 14131 करोड़ रुपए की तो नीरव मोदी की 1052 करोड़ रुपए की संपत्ति सरकारी बैंकों को दिए गए हैं। वैसे ही मेहुल चोकसी की 2565 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है और उसकी नीलामी कर बैंकों की रकम लौटाई जाएगी।



### बेहतर विकास दर रहेगी

पूरक अनुदान मांग पर अपने जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में विकास दर में जो नरमी रही, वह अस्थायी है। आगामी तिमाही में अर्थव्यवस्था की विकास दर बेहतर रहेगी। दूसरी तिमाही में विकास दर 5.4 प्रतिशत थी जो गत सात तिमाही में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि सरकारी नीति व प्रयास की बदौलत पिछले तीन सालों में जीडीपी की औसत विकास दर 8.3 प्रतिशत रही है और भारत सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश बना हुआ है।

### महंगाई के मुद्दे पर

महंगाई के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खाद्य वस्तुओं की महंगाई को काबू में रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न खाद्य वस्तुओं की भंडारण क्षमता को बढ़ाकर और सार्वजनिक रूप से कई वस्तुओं की कम दर पर सरकार की तरफ से बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई दर 5.4 प्रतिशत रही जबकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान खुदरा महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रही है जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए-2 की सरकार (2009-2014) में महंगाई दर 10.2 प्रतिशत तक पहुंच गई थी।

### अब तक 582 मामले में 33,393 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता लगाया गया

सीतारमण ने कहा कि काले धन को वापस लाने की लगातार कोशिश हो रही है और अब तक 582 मामले में 33,393 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता लगाया गया है। काला धन कानून के तहत कार्रवाई का ही असर है कि मूल्यांकन वर्ष मूल्यांकन वर्ष 2024-25 में दो लाख टैक्सपेयर्स ने विदेश में अपनी संपत्ति होने का खुलासा किया है जबकि मूल्यांकन वर्ष 2021-22 में 60,467 टैक्सपेयर्स ने विदेश में अपनी संपदा होने का खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि इस साल जून तक बीएमए के तहत 2655 करोड़ रुपए के टैक्स वसूले जा चुके हैं। 697 मामलों का मूल्यांकन किया जा चुका है और उनसे 17,520 करोड़ रुपए वसूले जाने हैं। बीएमए के तरत 341 मामलों में 9971 करोड़ रुपए के जुर्माना लगाए गए हैं। सीतारमण ने बताया कि एचएसबीसी, आईसीआईजे, पनामा, पैराडाइज और पैनडोरा लीक से जुड़े 120 मामलों में कार्रवाई जारी है।




### रोजगार के सवाल पर दिया ये जवाब

रोजगार को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि बेरोजगारी दर लगातार कम हो रही है। वित्त वर्ष 2017-18 में बेरोजगारी दर छह प्रतिशत थी जो वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है और ग्रामीण महिलाएं भी श्रम बल का हिस्सा बन रही है। वित्त वर्ष 2018-19 में श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी 24.5 प्रतिशत थी जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है।

# घर खरीदने वालों को हो रही दिक्कतों पर SC हुआ सख्त, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लगाया जुर्माना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को घर खरिदारों की स्थिति पर सुनवाई की। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) से घर खरीदारों की शिकायतों को हल करने के लिए एक योजना पेश करने को कहा और समय पर जवाब दाखिल नहीं करने के लिए उस पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।



### पीठ ने जीएनआईडीए को दिया सुझाव

पीठ ने जीएनआईडीए को यह सुझाव भी दिया कि वह सभी जमीनों को अपने कब्जे में ले और परियोजनाओं को पूरा कर घर खरीदारों को फ्लैट दे। इसके अलावा, जीएनआईडीए से यह जानकारी भी मांगी गई कि जब डेवलपर्स ने शर्तों का उल्लंघन किया तो जमीन का आवंटन रद्द क्यों नहीं किया गया। वहीं 800 से अधिक घर खरीदारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम ने कहा कि एक पीएसयू (सरकारी कंपनी) रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए तैयार है और किसी भी निवेशक को नुकसान नहीं होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट वर्तमान में रियल्टी फर्म अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की दिवालिया कार्यवाही के संबंध में राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले के खिलाफ 12 अपीलों पर सुनवाई कर रहा था। इन परियोजनाओं में 2,900 फ्लैट्स बनने थे, लेकिन समय पर पूरी नहीं हो पाईं। इन परियोजनाओं में तीन ग्रेटर नोएडा में और दो गुरुग्राम में स्थित हैं।

### मुख्य न्यायाधीश खन्ना की पीठ ने जताई नाराजगी

मामले में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने जीएनआईडीए के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जीएनआईडीए इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार हैं। डेवलपर्स ने घर खरीदारों से पैसे लिए हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप इससे बच सकते हैं।

पीठ ने कहा कि अगर जीएनआईडीए घर खरीदारों की शिकायतों को हल करने के लिए कोई योजना नहीं लाता, तो वह मामले की सीबीआई जांच का आदेश दे सकती है। इसको लेकर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा आप 10 दिनों में योजना पेश करें वरना हम सीबीआई जांच का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि आपको घर खरीदारों के हितों की रक्षा करनी होगी। आप भी इस समस्या का हिस्सा हैं।

# पीएम के खिलाफ संजय सिंह की टिप्पणी पर हंगामा

## उपसभापति ने रिकॉर्ड से हटाने के दिए आदेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संविधान पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आप सांसद संजय सिंह की टिप्पणी पर राज्यसभा में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। हालांकि हंगामा जब काफी देर तक नहीं थमा तो संजय सिंह ने उप सभापति हरिवंश से सत्ता पक्ष को शांत कराने की अपील की। इस पर उप सभापति ने भी उन्हें दो टूक जवाब दिया और कहा कि इसके लिए आप ही जिम्मेदार है। इसके बाद उप सभापति ने प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणी को रिकार्ड से बाहर निकालने के निर्देश दिए। राज्यसभा में संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर हो रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए आप सांसद संजय सिंह ने दिल्ली में मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाने का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि भाजपा के लोग हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह दिल्ली को भी जीतना चाहते है। वह रोहिंग्या और बांग्लादेशी के नाम पर पूर्वांचल के लोगों का अपमान कर रही है। वह दिल्ली के चुनाव में हिंदू-मुस्लिम करना चाहते है लेकिन वह दिल्ली में उनकी इस चाल को सफल नहीं होने देंगे।



### संजय सिंह की टिप्पणी पर क्या बोले जेपी नड्डा?

हालांकि दिल्ली की मतदाता सूची से बांग्लादेशी व रोहिंग्या के नाम हटाने के आरोपों पर भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा ने चुटकी ली और कहा कि मतदाता सूची से बांग्लादेशी और रोहिंग्या के नाम हटाने से वह इस तरह परेशान है, जैसे उनकी सरकार दिल्ली में इनके वोट से ही बनी थी। वैसे नाम हटाने और जोड़ने का काम संविधान के तहत किया जाता है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो जांच-पड़ताल के बाद किसी का नाम हटाने का फैसला करती है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने संजय सिंह की टिप्पणी पर सवाल उठाए और सदन में किसी विचाराधीन मामले की जिक्र नहीं किया जा सकता है। ऐसे में उनके बयान को रिकार्ड से हटाया जाए।

# तटीय सुरक्षा करेंगे बीएसएफ व सीआईएसएफ जवान, समुद्र तट की हिफाजत में 204 पुलिस स्टेशन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में समुद्र तट की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। तटीय पुलिस के प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और आधुनिकीकरण के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। तटीय पुलिस के साथ-साथ सीमा शुल्क और बीएसएफ व सीआईएसएफ के जवानों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। भारत सरकार ने जिला देवभूमि द्वारका, गुजरात में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग की स्थापना की है। वहां पर अब तक, तटीय पुलिस/सीमा शुल्क/बीएसएफ/सीआईएसएफ के 1,725 कर्मियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया है। समुद्र तट की सुरक्षा के लिए 204 तटीय पुलिस स्टेशन कार्य कर रहे हैं। इन्हें कई तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।



### अभी तक 3,000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में यह जानकारी देते हुए बताया, तटीय पुलिस कर्मियों को तटरक्षक प्रशिक्षण केंद्र, कोच्चि और सभी तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में तटरक्षक जिला मुख्यालयों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। अब तक 13,879 तटीय पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। आईसीजी, तटीय पुलिस के साथ संयुक्त तटीय गश्त (जेसीपी) आयोजित करता है। अगस्त 2020 में जेसीपी के शुरू होने के बाद से कुल 3,374 जेसीपी उड़ानें और 8,122 कर्मियों का आरोहण किया गया है। आईसीजी द्वारा तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' और तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सजग' आयोजित किया जाता है। इसमें तटीय पुलिस भाग लेती है।

इन अभ्यासों और अभ्यासों का उद्देश्य अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाना और मजबूत तटीय सुरक्षा तंत्र प्राप्त करना है। तटीय पुलिस कर्मियों को भारतीय नौसेना द्वारा नौसेना प्रतिष्ठान में समुद्री यात्रा, नेविगेशन और नाव-हैंडलिंग जैसे समुद्री यात्रा के विशेष क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाता है। अभी तक 3,000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। भारत सरकार ने समुद्र जनित खतरों के खिलाफ तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तटीय सुरक्षा योजना (सीएसएस), चरण I और II लागू की है। इसके तहत 204 तटीय पुलिस स्टेशन संचालित किए गए हैं। इसके अलावा, तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को 204 नावें, 37 घाट, 284 चार पहिया वाहन, 554 दोपहिया वाहन, 97 चेक-पोस्ट, 58 आउट-पोस्ट, 30 बैरक प्रदान किए गए हैं।

**उपलब्धि** सबसे पहले गरीब देशों में लाने की तैयारी, WHO और FDI की परमिशन का इंतजार

# HIV रोकने वाली दवा का इंजेक्शन वैरिएंट तैयार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एचआईवी जैसै खतरनाक संक्रमण बीमारी के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा लेनाकापाविर का एक नया इंजेक्शन वैरिएंट 2025 के अंत तक या 2026 की शुरुआत में मार्केट में लाने की योजना है। निर्माता कंपनी गिलियड साइंसेस के अधिकारियों का कहना है कि इस दवा को सबसे पहले दुनिया के सबसे गरीब देशों में उपयोग के लिए लाया जाएगा। नया फॉर्मूलेशन एक साल की सक्रिय क्षमता के साथ आता है और एचआईवी के खिलाफ सुरक्षा में एक निवारक भूमिका निभा सकता है। दवा 'लेनाकापाविर' को पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका में उपयोग के लिए मंजूरी मिल चुकी है। इसकी चिकित्सा के पहले वर्ष की लागत लगभग 42,250 डॉलर है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष नैदानिक परीक्षणों में दवा संक्रमण को रोकने में काफी कारगर भी रही है। गिलियड साइंसेज अब संयुक्त राज्य अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अपने इंजेक्शन वैरिएंट को मार्केट में उतारने की परमिशन मांग रहा है।



### चुनौतियां क्या हैं?

एड्स, टीबी और मलेरिया जैसे संक्रमण बीमारी के लिए दवाई बनाने वाली कंपनी गिलियाड साइंसेस प्रमुख हुई यांग ने रॉयटर्स को बताया कि वैश्विक स्तर पर इसकी शुरुआत एफडीए और डब्ल्यूएचओ से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने पर निर्भर है। यांग ने कहा, ‘हम नहीं चाहते कि गरीब देश इस दवा का इंतजार करें और जब हमें इस दवा के नए संस्करण को यूज करने की परमिशन मिले तो ये देश कतार में पीछे रह जाएं।

### क्या सस्ती होगी यह दवा?

ग्लोबल फंड ने मंगलवार को कहा कि वह एड्स राहत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति की आपातकालीन योजना (पीईपीएफएआर) के साथ साझेदारी करेगा, ताकि उन देशों में महंगी लेनाकापाविर दवा को सस्ती दर में पहुंचाया जा सके। फंड ने प्रस्तावित साझेदारी के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन इतना जरूर कहा कि लक्ष्य अगले तीन वर्षों में कम से कम दो मिलियन लोगों तक इस दवा को पहुंचाना है। गौरतलब है कि दवा निर्माता कंपनी गिलियड ने इस साल अक्टूबर में छह जेनेरिक दवा निर्माताओं के साथ 120 कम आय वाले देशों में लेनाकापाविर के सस्ते संस्करण बनाने और बेचने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इन देशों में अफ्रीकी और कैरेबियाई देशों को तो जरूर शामिल किया गया, लेकिन लैटिन अमेरिका के देशों को नहीं।

# प्रियंका के बैग पर फिलिस्तीन के बाद अब बांग्लादेश मुद्दा:लिखा- हिंदुओं-ईसाइयों के साथ खड़े हों

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी मंगलवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं, जिस पर 'बांग्लादेशी हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों' लिखा था। एक दिन पहले ही वे फिलिस्तीन को समर्थन करने वाला बैग लेकर पहुंची थीं। जिस पर फिलिस्तीन आजाद होगा लिखा था। इस पर विवाद भी हुआ था। प्रियंका ने सवाल उठाने वालों से कहा था- मैं कैसे कपड़े पहनूंगी, इसे कोई और तय नहीं करेगा, बरसों से चल रही रूढ़वादी पितृसत्ता को मैं नहीं मानती, मैं जो चाहूंगी, वही पहनूंगी।

### पाकिस्तानी नेता बोले- हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं

फिलिस्तीन का सपोर्ट करने पर पाकिस्तान सरकार में पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने भी उनकी तारीफ में कहा कि हमारे सांसदों में इतनी हिम्मत नहीं। पाकिस्तान की इमरान सरकार में मंत्री रहे फवाद हसन चौधरी ने फिलिस्तीन का सपोर्ट करने पर प्रियंका की तारीफ की है।



### प्रियंका बोलीं- सरकार बांग्लादेश में हिंदू और ईसाई अल्पसंख्यकों पर आवाज उठाए

लोकसभा में सोमवार को भी प्रियंका गांधी ने प्रश्नकाल में सवाल किया था। उन्होंने कहा- मैं सबसे पहले जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहती हूं, वह यह है कि इस सरकार को बांग्लादेश में हिंदू और ईसाई अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए और उनका समर्थन लेना चाहिए।